नई दिल्ली
सोमवार, 18 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 27, अंक : 343
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 27
न्यूून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 गुलवीर ने 10 हजार मीटर में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

# अरुणाचल समेत दो राज्यों का चुनावी कार्यक्रम बदला

दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है इसलिए तारीख पहले कर दी गई

अब अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम चुनाव की मतगणना 4 जून की जगह 2 जून को होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने चुनावी कार्यक्रम में बदलाव किया है।

आयोग ने कहा कि अब अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम चुनाव की मतगणना 4 जून की जगह 2 जून को होगी। बता दें कि शनिवार को ही चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के 19 अप्रैल से 7 चरणों में शुरू होने की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने पहले घोषणा की थी कि दोनों विधानसभा चुनावों में पड़े वोटों की गिनती लोकसभा चुनाव के वोटों के साथ 4 जून को की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा कि लेकिन चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख पहले कर दी गई है। आयोग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई भी बदलाव नहीं होगा।



### सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की है सूबे में सरकार

सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) वर्तमान में राज्य में सत्तारूढ़ दल है, जो मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम विधानसभा में उनके विधायकों की संख्या 17 है। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) ने कुछ दिन पहले ही 6 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग रिकॉर्ड नौवीं बार विधायक बनने के लिए नामची-सिंघिथांग से चुनाव लड़ेंगे।

### सिक्किम में कैसे थे पिछले चुनावों ने नतीजे

2019 में लोकसभा चुनाव के साथ यहां एक चरण में 11 अप्रैल, 2019 को वोट डाले गए थे। इसमें सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के बीच मुकाबला देखने को मिला था। चुनाव के बाद 25 वर्षों तक सिक्किम में प्रमुख पार्टी होने के बावजूद एसडीएफ ने 15 सीटें हासिल की थी। जबकि एसकेएफ ने 17 सीटें जीतीं, जो विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए पर्याप्त थीं, जिसके बाद एसकेएम के प्रेम सिंह तमांग (पी.एस. गोले) ने सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।







राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्णय

# होसबाले फिर बने संघ के सरकार्यवाह वर्ष 2027 तक निभाएंगे ये जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वार्षिक तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में दत्तात्रेय होसबाले को एक बार फिर सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उन्हें 2024 से 2027 की अवधि के लिए इस दायित्व पर फिर से चुना गया है।

यह बैठक छह साल बाद आरएसएस के मुख्यालय नागपुर में हुई। बैठक में आरएसएस से जुड़े विभिन्न संगठनों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। होसबाले साल 2021 से ही इस पद पर बने हुए हैं। इस मौके पर दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ लोगों के दिलों में उतर रहा है और समाज में संघ का प्रभाव भी बढ़ रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अक्षत वितरण के दौरान देशभर में जिस तरह से लोगों ने हमारा स्वागत किया, उससे पता चलता है कि देश का वातावरण कैसा है। राम मंदिर भारत की सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। श्रीराम देश की सभ्यतागत पहचान हैं। वहीं, चुनावी बॉन्ड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस ने इस विषय (चुनावी बॉन्ड) के बारे में कुछ भी नहीं सोचा है। यहां (प्रतिनिधि सभा में) इस पर चर्चा भी नहीं की गई, क्योंकि चुनावी बॉन्ड एक प्रयोग है, ऐसे प्रयोग होते रहते हैं, नियंत्रण और संतुलन होना चाहिए। चुनावी बॉन्ड आज अचानक नहीं आया है, पहले भी आया है।

होसबोले ने कहा कि संघ लोगों के दिलों में उतर रहा है और समाज में संघ का प्रभाव भी बढ़ रहा है।

चुनावी बॉन्ड एक प्रयोग है, ऐसे प्रयोग होते रहते है, नियंत्रण और संतुलन होना चाहिए।






### विस्पुते की जगह क्षेत्र प्रचारक बनाए गए कुलकर्णी

नागपुर में आयोजित आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में मध्य क्षेत्र व मालवा प्रांत को लेकर कई फैसले लिए गए है। अब तक मध्य क्षेत्र के प्रचारक की जिम्मेदारी संभाल रहे दीपक विस्पुते को अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख बनाया गया है। स्वप्निल कुलकर्णी मध्य क्षेत्र के नए क्षेत्र प्रचारक बनाए गए हैं जबकि राजमोहन मालवा प्रांत के नए प्रांत प्रचारक होंगे। मालवा प्रांत के वर्तमान प्रचारक बलिराम को अखिल भारतीय सामाजिक सद्भाव प्रमुख बनाया गया है। इंदौर में विभाग प्रचारक रहे विमल गुप्ता अब मध्य भारत प्रांत के नए प्रांत प्रचारक बनाए गए हैं। इनके अलावा वर्तमान में मालवा प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख विनय दीक्षित अब प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक बनाए गए हैं।

**ये हैं संघ के 6 नए सह सरकार्यवाह**

- कृष्ण गोपाल
- मुकुंदजी
- अरुण कुमार
- रामदत्त चक्रधर
- अतुल लिमये
- आलोक कुमार

### संदेशखाली घटना का किया जिक्र

**कहा-दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए**

इस सभा में दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि स्वतंत्र भारत में संदेशखाली जैसी घटनाएं लोगों को झकझोर देने वाली हैं। यहां जिस तरह से अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति समाज की महिलाओं के साथ घटनाएं हुईं, वह दुखद हैं और उसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वार्थों को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत होकर ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने के बारे में कोई सोचे भी नहीं। उन्होंने आगे कहा कि जो शक्तियां भारत, हिंदुत्व या संघ की शत्रु हैं, वे समाज में विभेद पैदा करने का प्रयास करती हैं। इसी के तहत सनातन धर्म के बारे में गलत बयानी और दक्षिण के विभेद की बात उठाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विघटनकारी और विभाजनकारी ताकतें किसी भी सकारात्मक कार्य से कभी खुश नहीं होती हैं। सर्वत्र अशांति पैदा करना और राजनीतिक एवं अन्य लाभ उठाना उनका काम है।

## चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के चुनावी बॉन्ड का नया डेटा किया जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा सीलबंद कवर के तहत जमा किए गए चुनावी बॉन्ड विवरण सार्वजनिक कर दिया है। माना जा रहा है कि विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। इस तारीख के बाद के चुनावी बॉन्ड विवरण पिछले सप्ताह चुनाव पैनल द्वारा सार्वजनिक किए गए थे। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल, 2019 ▶▶ शेष पेज 5 पर




## जबलपुर में देर रात 30 लाख की नगदी की जब्त



**जबलपुर।** चुनाव आचार संहिता लगते ही पुलिस एक्शन में आ गई है। जबलपुर के विजय नगर इलाके में शनिवार देर रात विजयनगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पेट्रोलिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन की चेकिंग की गई, जिसमें कुछ कार्टून और थैली में नगद पैसा रखा था। इसको चेक करने पर लगभग 30 लाख नगद रुपए बरामद हुए। इन कार्टून में 500 के नोट की 60 गड्डियां मिली। पुलिस द्वारा कार में सवार लोगो से पूछताछ की गई लेकिन वे नगद कहां से लाया गया है। इसका सही और उचित वैधानिक जवाब नहीं दे पाए। इस मामले को संदिग्ध पाकर पुलिस द्वारा थाना सेंट्रो कार और सवारों को थाने लाया गया। आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किए गए।

महादेव सट्टा एप मामला

## छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर एफआईआर

पूर्व सीएम के खिलाफ 120 बी, 34, 406, 420, 467 समेत कई अनेक धाराओं में मामला दर्ज

अब तक कुल मिलाकर 1764.5 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी द्वारा जब्त/फ्रीज की जा चुकी



एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। पूर्व सीएम के खिलाफ 120 बी, 34, 406, 420, 467 समेत कई अनेक धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। हालांकि अभी तक किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। भूपेश बघेल और 21 अन्य के खिलाफ 4 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। इस साल 1 जनवरी को एजेंसी ने मामले के संबंध में रायपुर में पीएमएलए की एक विशेष अदालत में एक सप्लीमेंट्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नोएडा।** सांप के जहर मामले में नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एल्विश से लंबी पूछताछ की गई। पिछले दिनों नोएडा में सांप के जहर सप्लाई करने वाले गिरोह के पर्दाफाश के दौरान एल्विश यादव का नाम सामने आया था।नोएडा पुलिस ने पिछले साल सेक्टर 51 में एक गेस्ट हाउस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। 9 सांप मिले थे। ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी



# निजी अस्पतालों में सिजेरियन के अधिक मामले, सामान्य प्रसव वाले एमसीडी प्रसूतिगृह रहते हैं खाली

## आरटीआई के तहत दायर आवेदन के जवाब में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी और निजी अस्पतालों में वर्ष 2022 में करीब 2.82 लाख बच्चों ने जन्म लिया, जिसमें से करीब 38 फीसदी यानी 1.07 लाख बच्चों का जन्म सिजेरियन प्रणाली से हुआ जबकि सामान्य प्रसव की पद्धति पर आधारित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 17 प्रसूति गृहों में पिछले साढ़े चार वर्षों में सिर्फ 31,121 प्रसव हुए। दिल्ली सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राजधानी में 'जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की वार्षिक रिपोर्ट 2022' के मुताबिक, 2022 में दिल्ली में कुल 2,82,389 बच्चों का जन्म हुआ, जिनमें से 1,81,892 बच्चों का जन्म सामान्य प्रसव से और 1,07,079 बच्चों का जन्म सिजेरियन यानी ऑपरेशन के जरिये हुआ। 'जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की वार्षिक रिपोर्ट 2022' के मुताबिक, दिल्ली के शहरी इलाकों में स्थित सरकारी अस्पतालों में कुल 1,65,826 बच्चों का जन्म हुआ, जिनमें से 44,040 बच्चे सिजेरियन से जन्मे। वहीं निजी अस्पतालों में कुल 87,629 बच्चों का जन्म हुआ, जिनमें से 53,446 बच्चे सिजेरियन से जन्मे जबकि सामान्य प्रसव के जरिये 32,756 बच्चों का जन्म हुआ। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में स्थित सरकारी अस्पतालों में कुल 21,079 बच्चों का जन्म हुआ, जिनमें से 4,893 बच्चे सिजेरियन से जन्मे। वहीं ग्रामीण इलाकों में स्थित निजी अस्पतालों में कुल 7,855 बच्चों का जन्म हुआ,



जिनमें 4,700 बच्चे सिजेरियन जबकि सामान्य प्रसव के जरिये 3,089 बच्चे जन्मे। वहीं, सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक, एमसीडी के 17 प्रसूति गृहों में 2019-20 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) से 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) तक कुल 31,121 महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया और इस दौरान तीन नवजात शिशुओं की प्रसव के समय मौत हुई। स्वास्थ्य विभाग ने आरटीआई के जवाब में बताया कि बीते दो वर्षों में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले प्रसूति गृहों में प्रसव के दौरान किसी महिला की मौत नहीं हुई। दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि दिल्ली के प्रसूति गृह में कम डिलिवरी की सबसे बड़ी वजह यह है कि इन केंद्रों पर सिर्फ सामान्य प्रसव किये जाते हैं और यहां ऑपरेशन के जरिए प्रसव का कोई सिद्धांत ही नहीं है, इसलिए ज्यादा गंभीर मामलों या फिर ऑपरेशन की स्थिति में महिलाओं को दूसरे बड़े अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इन प्रसूति गृहों के बाहर एक कैट एंबुलेंस खड़ी रहती है, जो जटिल परिस्थितियों में महिलाओं को दूसरे बड़े अस्पतालों में पहुंचाती है। इसके अलावा इनमें बच्चों को टीके, नर्सरी जैसी तमाम सुविधाएं मौजूद होती हैं।

### सभी सुविधाएं मौजूद फिर भी बड़े अस्पतालों का रुख करते है लोग

अधिकारी ने कहा कि दूसरी चीज है मानसिकता। दरअसल एक वर्ग के लोगों को लगता है कि बच्चों का जन्म बड़े अस्पतालों में होना चाहिए न कि इन छोटे अस्पतालों में जबकि इन प्रसूति गृहों में सारी सुविधाएं मौजूद होती हैं, जो एक अस्पताल में होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि इतनी बड़ी संख्या में प्रसूति गृह होने के बावजूद ये खाली पड़े रहते हैं और दूसरे सरकारी अस्पतालों पर दबाव बढ़ जाता है और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि अगर दिल्ली के बड़े सरकारी अस्पताल, प्रशासन और सीडीएमओ (मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी) आपस में यह तय करें या फिर कोई तंत्र बनाए कि सामान्य प्रसव के मामलों को इन केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया जाए

#### दूसरे सरकारी अस्पतालों पर बढ़ जाता दबाव

तो दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को लंबी-लंबी कतारों और पूरे दिन की भाग-दौड़ से निजात मिल सकती है। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली सरकार और अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी की वजह से ही सरकारी अस्पतालों पर बोझ पड़ रहा है और ये प्रसूति केंद्र खाली रह जाते हैं। दिल्ली के श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी बंसल ने बताया कि मौजूदा वक्त में सामान्य प्रसव की तुलना में सिजेरियन की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सिजेरियन के कारणों के संबंध में डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि पेट में बच्चे की पोजिशन सही ना हो या फिर बच्चा बार-बार अपनी स्थिति बदल रहा हो, बच्चे के गले में नाल उलझ गई हो, बच्चे का विकास ठीक से ना हो पा रहा हो, बच्चे की दिल की धड़कन असामान्य हो गई हो या ऑक्सीजन की कमी हो रही हो, बच्चे का सिर 'बर्थ कैनाल' से बड़ा हो, गर्भवती महिला को बीपी या हृदय रोग की समस्या हो, गर्भवती महिला का पहले से सिजेरियन या कोई बड़ा ऑपरेशन हुआ हो, ऐसी अनेक परिस्थितियों में ऑपरेशन से डिलिवरी की जाती है।

उन्होंने कहा कि बहुत सी महिलाएं सामान्य प्रसव के दौरान होने वाले दर्द से बचने के लिए 'सी-सेक्शन' या सिजेरियन डिलिवरी का विकल्प खुद ही चुन रही हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ महिलाएं मुहूर्त के हिसाब से बच्चे का जन्म कराना चाहती हैं इसलिए भी वह सिजेरियन डिलिवरी को चुन रही हैं।

## सीएए सहायता केंद्र में पाक हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता के लिए सहायता कर रहा विहिप

**नई दिल्ली।** देश में सीएए लागू होने के बाद आदर्श नगर में खुले पहले भारतीय नागरिकता कानून (सीएए) सहायता केंद्र में पाक हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता के लिए विहिप हर प्रकार से सहायता कर रहा है। इस केंद्र को खुले हुए करीब तीन दिन हो चुके है और इसमें लगभग 500 से अधिक पाक हिंदू शरणार्थियों ने भारतीय नागरिकता के लिए सहायता मांगी है। यह केंद्र ऐसी जगह स्थापित किया गया है जहां कई वर्षों से पाक हिंदू शरणार्थियों ने शरण ले रखी है। इस बारे में विहिप की तरफ से बताया गया कि सीएए कानून आने के बाद हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने में मदद के लिए सीएए सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। जिसकी शुरुआत दिल्ली के आदर्श नगर केंद्र से कर दी गई है। परिषद की माने तो इस केंद्र में रविवार तक करीब 500 पाक हिंदू शरणार्थियों भारतीय नागरिकता को लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारियां मांगी। जैसे पाक से आने का वैध पासपोर्ट की अवधि समाप्त हो गई हो, किसी कारणवश कागजात गुम हो गए हो, जो बच्चे भारत में पैदा हुए लेकिन किन्हीं कारणों से उनके जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाए आदि। जानकारी अनुसार केंद्र सरकार के नए नियमों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले को दो विशेष दस्तावेज देने होंगे। इसमें पहले तो आवेदक के चरित्र को प्रमाणित करने वाला हलफनामा और दूसरा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में किसी एक भाषा की अच्छी जानकारी होने का घोषणा पत्र।

### चोरी का सामान खरीदने वाला रिसीवर भी पकड़ा

# ओखला व कोटला में चोरी के दौरान गोली मारने वाला धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की एएटीएस टीम ने एक खतरनाक चोर को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक चोरी का सामान खरीदने वाला रिसीवर भी पकड़ा गया है। इनके पास से चोरी की गई चार ईसीएम बरामद हुई है। इस लुटेरे की गिरफ्तारी से दक्षिण और दक्षिण पूर्व जिले के दो सशस्त्र लूट डकैती के मामले सुलझा गए है।

डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार गिरफ्तार बदमाश का नाम शिवम है। इसने ओखला में एक व्यक्ति पर लूटपाट का विरोध करने पर गोली चलाई थी। उसके बाद कोटला मुबारकपुर में वाहनों की ईसीएम चोरी करते समय पकड़े जाने की आशंका में भी एक शख्स को गोली मारी थी। घटन में एक शख्स की गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शिवम की गिरफ्तारी के लिये करीब 25 किमी मार्ग के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बदमाश के पास से दो कट्टे, दो कारतूस और 48 हजार रुपये कैश



व चोरी का सामान बरामद हुआ है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि आरोपी नशे का आदी है। वह सितंबर 2023 में जेल से रिहा होने के बाद ईसीएम चोरी के 200 से अधिक मामलों को अंजाम दे चुका था। वह पहले 40 मामलों में गिरफ्तार पाया गया था। दूसरे शख्स का नाम मोहम्मद यामीन है। पुलिस के अनुसार 02-03 मार्च की मध्यरात्रि शिव कुमार यादव सफदरजंग बस टर्मिनल, के पास अपनी टैक्सी के अंदर सो रहा था। कुछ शोर सुनने के बाद उसने देखा कि एक संदिग्ध व्यक्ति पास में खड़ी एक अन्य कार का ईसीएम चुराने की कोशिश कर रहा था। उसने राकेश नाम के एक अन्य ड्राइवर को बुलाया। राकेश ने उसे पीछे से पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तभी चोर ने एक गोली राकेश पर और उसके बाद एक गोली शिव कुमार पर चला दी। राकेश को गोली लगी और बदमाश फरार हो गया। आखिर में पुलिस टीम ने अथक प्रयासों के बाद मटियाला इलाके से शिवम को दबोचने में सफलता हासिल कर ली। दो दिन के पीसी रिमांड पर पूछताछ के बाद चोरी का सामान खरीदने वाले यामीन को चावड़ी बाजार से दबोचा गया। उसके पास से चोरी की चार ईसीएम बरामद हुई। निरंतर पूछताछ पर आरोपी शिवम उर्फ नन्हे ने वर्तमान अपराध को अंजाम देने के खुलासे के साथ ओखला क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति को गोली मारने का खुलासा किया।

### जय वीरू की जोड़ी चढ़ी पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा पुलिस ने चोरी व सेंधमारी में माहिर जय-वीरू की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। इनके नाम चंदन कुमार उर्फ जय और बीरपाल उर्फ वीरू है। चंदन ने अपने भाई विक्की मंडल जो बीसी है से प्रभावित होकर अपराध करना शुरू किया था। इनके पास से दो एप्पल लैपटॉप, एक एप्पल आई-पैड, क्रेटा कार की चाबी, एक चोरी हुआ मोबाइल फोन और 10 मीटर इंटरनेट केबल बरामद हुआ है। इस गिरफ्तारी के बाद चोरी के तीन मामले सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है। दोनों बदमाश समालखा के रहने वाले हैं।

# दिल्ली लोकसभा चुनावः उड़न दस्ते और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने मतदाताओं को डराने-धमकाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए शहर के सात लोकसभा क्षेत्रों में उड़न दस्ते और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने रविवार को जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी या निर्वाचन अधिकारी आदर्श आचार संहिता को अक्षरशः लागू करेंगे। भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को घोषित चुनावी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सात लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा, जिसमें 1.47 करोड़ लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं। नोटिस के अनुसार, रिश्वत देने वाले और लेने वाले दोनों के खिलाफ मामले दर्ज करने तथा मतदाताओं को डराने-धमकाने में जुटे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उड़न दस्तों का गठन किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्तानुसार किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें और यदि कोई उन्हें रिश्वत की पेशकश करता है अथवा किसी के पास रिश्वत या मतदाताओं को डराने-धमकाने के मामले के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे टोल फ्री नंबर पर सूचित करना चाहिए। शिकायतें प्राप्त करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों/जिले का 24 घंटे और सातों दिन काम करने वाला शिकायत निगरानी कक्ष स्थापित किया गया है। चुनाव निकाय ने लोगों से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित घटनाओं की सूचना देने का भी आग्रह किया है। इसमें कहा गया है कि यदि मतदाताओं को चुनावी कदाचार की घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती हैं, तो इसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी को दी जानी चाहिए।

## मिला दाना...



रविवार को कपास के पेड़ के फूल के पास उड़ता पक्षी। फोटो : एजेंसी

## न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत से पांच डिग्री सेल्सियस कम 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 67 प्रतिशत दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 10 बजे 185 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

# केंद्र ने हाईकोर्ट से दवाओं की 'ऑनलाइन' बिक्री पर नीति बनाने के लिए मांगा और समय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने दिल्ली हाईकोर्ट से दवाओं की 'ऑनलाइन' बिक्री पर नीति बनाने के लिए इस आधार पर कुछ समय देने का आग्रह किया है कि यह मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे।

हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए अंतिम अवसर के रूप में चार महीने का समय दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत



पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

### सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख तय

हाईकोर्ट 'ऑनलाइन' दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और दवाओं तथा सौंदर्य प्रसाधन नियमों में और संशोधन करने के लिए मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख तय की है। हाईकोर्टने पहले केंद्र से याचिकाओं पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

# रेप केस में भगौड़ा घोषित आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की नारकोटिक्स स्क्वाड और ग्रेटर कैलाश थाने की पुलिस ने एक महिला सहित दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी रेप केस में आरोपी था। कोर्ट द्वारा इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम प्रेम सिंह है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रेम सिंह भिवानी, हरियाणा के कहीं छिपकर रह रहा है। इसके बाद टीम ने अंतरराज्यीय मुखबिरों को सक्रिय किया। इसके बाद जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया गया। वहीं पकड़ी गई दूसरी आरोपी महिला कोर्ट में उपस्थिति से बच रही थी। ग्रेटर कैलाश थाने की पुलिस ने महिला को विराट चौक, अंबेडकर नगर से पकड़ा। महिला सुभाष कैंप, दक्षिणपुरी की रहने वाली है। वह पहले करीब 10 मामलों में शामिल पाई गई है। इसके खिलाफ केस अंबेडकर नगर, गोविंदपुरी और मालवीय नगर थानों में दर्ज थे। आरोपी प्रेम सिंह के खिलाफ 2018 में आईपीसी की धारा 363,366,376 और 6 पोक्सो एक्ट के तहत बदरपुर थाने में केस दर्ज हुआ था। एक फरवरी 2011 और महिला को इसी साल 20 फरवरी को भगौड़ा घोषित किया गया था।

## ट्यूशन टीचर पर दो बच्चियों के यौन शोषण का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार थाना अंतर्गत एक ट्यूटर पर दो नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण का आरोप लगा है। बच्चियों की उम्र छह व सात वर्ष बताई गई है। पुलिस ने शिकायत पर रेप व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार बताया गया है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार का आरोप है कि सात व आठ महीनों से उनकी दोनों बच्चियां पास ही की झुग्गी में एक शख्स के पास अंग्रेजी का ट्यूशन पढ़ने जाती थी। कुछ समय से टीचर उनके साथ



गलत हरकत कर रहा था। मिली शिकायत के बाद मासूमों की काउंसलिंग कराई गई। छानबीन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी टीचर का नाम राजेंद्र बताया गया है। फिलहाल वह फरार बताया जा रहा है।

### छिड़काव के बाद कम से कम एक सप्ताह तक तुड़ाई न करें

# 'खड़ी फसलों तथा सब्जियों में करें हल्की सिंचाई'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह तापमान बढ़ने की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह है कि खड़ी फसलों तथा सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि भौतिकी संभाग की नोडल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने दिल्ली देहात के किसानों को यह कृषि सलाह देते हुए बताया कि पूर्ण रूप से पके तोरिया या सरसों की फसल को अतिशीघ्र काट दें। 75-80 प्रतिशत फली का रंग भूरा होना ही फसल पकने के लक्षण हैं। फलियों के अधिक पकने की स्थिति में दाने झड़ने की संभावना होती है। अधिक समय तक कटे फसलों को सुखने के लिए खेत पर रखने से चितकबरा बग से नुकसान होता है अतः वे जल्द से जल्द गहाई करें। गहाई के बाद फसल अवशेषों को नष्ट कर दें, इससे कीट की संख्या को कम



करने में मदद मिलती है। सब्जियों में चेपा के आक्रमण की निगरानी करते रहें। वर्तमान तापमान में यह कीट जल्द ही नष्ट हो जाते हैं। यदि कीट की संख्या अधिक हो तो इमिडाक्लोप्रिड़ प्रति 0.25 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से पके फलों की तुड़ाई के बाद छिड़काव करें। सब्जियों की फसलों पर छिड़काव के बाद कम से कम एक सप्ताह तक तुड़ाई न करें। बीज वाली सब्जियों पर चेपा के आक्रमण पर विशेष ध्यान दें।

### मूंग की फसल के लिए उन्नत बीजों की बुवाई करें किसान

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि मूंग की फसल की बुवाई हेतु किसान उन्नत बीजों की बुवाई करें। मूंग पूसा विशाल, पूसा रत्ना, पूसा- 5931, पूसा बैसाखी, पी.डी एम-11, एस एम एल- 32, एस एम एल-668, सम्राट; बुवाई से पूर्व बीजों को फसल विशेष राइजोबियम तथा फास्फोरस सोल्यूबिलाइजिंग बैक्टीरिया से अवश्य उपचार करें। बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी का होना आवश्यक है।

### खेत में कीटों से बचाव के लिए पक्षी बसेरा लगाए

टमाटर, मटर, बैंगन व चना फसलों में फलों/ फल्लियों को फल छेदक/फली छेदक कीट से बचाव हेतु किसान खेत में पक्षी बसेरा लगाए। वे कीट से नष्ट फलों को इकट्ठा कर जमीन में दबा दें। साथ ही फल छेदक कीट की निगरानी हेतु फिरोमोन प्रपंश प्रति 2-3 प्रपंश प्रति एकड़ की दर से लगाएं। यदि कीट की संख्या अधिक हो तो बी.टी. 1.0 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें फिर भी प्रकोप अधिक हो तो 15 दिन बाद स्पिनोसैड कीटनाशी 48 ई.सी. प्रति 1 मि.ली. प्रति 4 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

## गुम हुआ तीन साल का बच्चा परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की कोटला मुबारकपुर पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक तीन वर्षीय बच्चे को उसके परिवार से मिलाया है। अपने बेटे को वापस पाकर परिवार का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार ने दिल्ली पुलिस को शुक्रिया कहा है। दरअसल शनिवार को कोटला पुलिस को एक लावारिस बच्चे के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और गोल चक्कर, पिलंजी के पास एक बच्चा लावारिस हालात में पाया। पुलिस स्टाफ ने क्षेत्र में उसके माता-पिता की तलाश शुरू की और बच्चे की तस्वीरें आरडब्ल्यूए/एमडब्ल्यूए के व्हाट्सएप ग्रुप्स में भी प्रसारित की गई। टीम की कड़ी मेहनत और प्रयास तब सफल हुए जब बच्चे के माता-पिता का पता पिलंजी में ही पता चला। बच्चे को उसके परिवार को सकुशल सौंप दिया गया।

## खबर संक्षेप

### हॉस्टल टू हॉस्टल, मेस टू मेस कैंपेन कर रहे एबीवीपी प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जेएनयू में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम कर रहा है। परिषद के कार्यकर्ता छात्रावासों, कक्षाओं, कैंटीन, मेस आदि में जाकर छात्रों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें चुनाव में भाग लेने एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही सेंट्रल पैनल के उम्मीदवार अध्यक्ष उमेश चंद्र अजमीरा, उपाध्यक्ष दीपिका शर्मा सचिव अर्जुन आनंद, संयुक्त सचिव गोविंद डांगी, प्रत्येक छात्र तक पहुंचकर एबीवीपी द्वारा पिछले पांच वर्षों में परिसर, प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, छात्रावास एवं फेलोशिप के विषयों में किए गए सकारात्मक कार्यों के बारे में अवगत करा रहे हैं।

### अमर शहीद शिव कुमार की प्रतिमा का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दौराला गांव में पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने अमर शहीद शिव कुमार हवलदार की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने बताया कि हवलदार शिव कुमार देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए तीन वर्ष पूर्व शहीद हो गए थे। सोलंकी ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि शहीद शिव कुमार हवलदार के परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शिवकुमार पूरे दिल्ली देहात और देश के गौरव हैं, उनकी देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। हम पालम-360 और पूरे दिल्ली देहात की ओर से उनकी शहादत को नमन करते हैं। इस दौरान अजीत सिंह, मुकेश, सतीश, हरीश, टायसन प्रधान, राजकुमार और नरेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा ने एलजी के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के द्वारा लीज होल्ड औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड भूखंडों में बदलने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण कानूनों और संबंधित अदालती आदेशों के कारण उद्योग बंद हो गए हैं और औद्योगिक भूखंड आवंटियों की यह लंबे समय से मांग रही है कि लीज होल्ड पर आवंटित उनके भूखंडों को फ्री होल्ड में परिवर्तित किया जाए ताकि उन्हें जमीन का मालिकाना हक मिल सके। अब भूखंडों का उपयोग भी बदल सकेगा।

## 'केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है भाजपा'

# कोर्ट का इंतजार किए बिना ईडी ने सीएम केजरीवाल को भेजा दोबारा समन : आतिशी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना भाजपा की ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को तथाकथित शराब घोटाले के साथ-साथ जल बोर्ड के फर्जी मामले में भी समन भेजा है। यह बात रविवार को आप की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रेसवार्ता में कही। आतिशी ने प्रेसवार्ता में कहा कि आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल राउज एवेन्यू कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट द्वारा उन्हें जमानत दे दी गई। और अब आगे ईडी के समन की कानूनी वैधता पर कोर्ट में बहस होगी। लेकिन कोर्ट के फ़ैसले का इंतज़ार किए बिना भाजपा की ईडी ने समन भेज दिया। वहीं आतिशी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का भाजपा का मक़सद एक्साइज पॉलिसी के फर्जी केस में पूरा नहीं हो रहा तो नया फर्जी केस तैयार करवा दिया गया है। एक ऐसा मामला जिसमें जांच क्या चल रही है। क्या तथाकथित घोटाला हुआ है। जो शत प्रतिशत फर्जी है उसमें भी केजरीवाल को समन भेजा गया है। क्योंकि भाजपा का एकमात्र मक़सद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुनाव में प्रचार करने से रोकना है।

### 'तय तारीख पर केजरीवाल कोर्ट के सामने हुए पेश'

आप नेता आतिशी ने कहा कि, कल अरविंद केजरीवाल व्यक्तिगत रूप से राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने तीन सप्ताह पहले कोर्ट को कहा था कि जैसे ही बजट सत्र खत्म होगा, उसके तुरंत बाद वो कोर्ट के सामने पेश होंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल कानूनी प्रक्रिया का पालन करते है, इसलिए कल तय तारीख पर अरविंद केजरीवाल कोर्ट गए। और भाजपा के सभी नेताओं को जवाब दे दिया जो बार-बार कह रहे थे कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट से भाग रहे है, ईडी से भाग रहे है, कल केजरीवालने इन सबका मुँह बंद कर दिया। कोर्ट ने भी केजरीवाल जी को जमानत दे दी।




### 'विरोधियों को खत्म करने के लिए हो रहा है ईडी-सीबीआई का प्रयोग'

आतिशी ने कहा कि आज के समय ईडी और सीबीआई भाजपा दो गुंडे बनकर रह गए है, जो उनका विरोध करता है, ईडी-सीबीआई उसके पीछे पड़ जाते है। उन्होंने कहा कि, ईडी-सीबीआई-इनकम टैक्स डिपार्टमेंट भाजपा के गुंडे है, वो सिर्फ भाजपा के विरोधियों को ख़त्म करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे है। भाजपा के इन गुंडों ने एक एक कर के विपक्ष की पार्टियों को टारगेट किया। इलेक्टोरल बांड मामले में भी साफ़ कि पहले ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर एक वसूली रैकेट चला रहे थे। और अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अब भाजपा अपने गुंडे ईडी के माध्यम से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहते है।

### भाजपा कानूनी प्रक्रिया का नहीं करती सम्मान

आतिशी ने कहा कि भाजपा कानूनी प्रक्रिया का सम्मान नहीं करती है वो इस बात का इंतज़ार तक नहीं कर रहे है कि कानूनी प्रक्रिया का क्या निष्कर्ष निकलेगा, कोर्ट क्या फैसला देगी। पर इन्हें कोर्ट से कोई मतलब नहीं है, जांच से कोई मतलब नहीं है, सच्चाई से मतलब नहीं है। भाजपा चाहती है कि किसी न किसी तरह से चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया जाए, उन्हें चुनाव में प्रचार करने से रोक दिया जाए। यही भारतीय जनता पार्टी और उनकी ईडी-सीबीआई का इकलौता मकसद है।

### आबकारी फर्जी केस से मकसद पूरा न होते देख जल बोर्ड के फर्जी केस में भेजा समन

आतिशी ने कहा कि केजरीवाल की न केवल एक्साइज पॉलिसी में समन भेजा गया बल्कि जल बोर्ड के एक और फर्जी केस में समन भेजा गया। क्योंकि भाजपा को लग रहा है कि शायद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का उनका मक़सद शायद एक्साइज पॉलिसी के फर्जी केस से पूरा न हो। उन्होंने कहा कि एक ऐसा केस जिसके विषय में आज तक हमें पता भी नहीं चला है कि, इसमें जांच क्या हो रही है, इसमें तथाकथित घोटाला क्या हुआ है। इसमें ईडी ने केस क्या दर्ज किया है और इस शत प्रतिशत फर्जी मामले में भी ईडी ने केजरीवाल को समन भेज दिया।

### ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर चला रहे थे एक एक्सटॉरशन रैकेट

आतिशी ने कहा कि अब जब इलेक्टोरल बांड का मामला सामने आया है तो ये भी साफ हो गया है कि ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर एक एक्सटॉरशन रैकेट चला रहे थे। पहले कंपनियों को इनके समन भेजे जाते थे और फिर जैसे गुंडे हफ्ता मांगते है वैसे ही उन कंपनियों से इलेक्टोरल बॉण्ड के ज़रिए पैसे मांगे जाते थे।

### केजरीवाल बार-बार कर रहे हैं कानून की अवहेलना : सचदेवा

**नई दिल्ली।** देश की जांच एजेंसी स्वतंत्र रूप से अपना काम कर रही है लेकिन सीएम अरविंद केजरीवाल बार-बार कानून की अवहेलना कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा भेजे गए 9वें समन को लेकर उक्त आरोप लगाए। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को जिस मामले में जमानत ली है उसका शराब नीति केस से कोई लेना देना नहीं है। ईडी के जिन समन को केजरीवाल गैर कानूनी बताते थे, उस समन की अवमानना को लेकर उन्होंने जमानत ली है और अब यह तय है कि समन वैध थे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रवृत्ति एवं बोलचाल भाषा गुंडों और लुटेरों जैसी है और उनकी भाषा ही उनके चरित्र का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से साफ है कि दिल्ली के युवाओं को नशे में धकेलने के लिए और पैसों की लूट के लिए नई नीति को लागू किया गया था और आज जब जांच एजेंसियां काम कर रही है तो अब इसका जवाब केजरीवाल को देना ही होगा। सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले में केजरीवाल के पूर्व उप मुख्यमंत्री एक साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं और एक अन्य सांसद भी लम्बे समय से जेल मे हैं लेकिन बार-बार आम आदमी पार्टी का कहना कि शराब नीति में कोई घोटाला नहीं हुआ जो अपने आप में हास्यास्पद है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने सीएम केजरीवाल और केबिनेट मंत्री आतिशी से सवाल करते हुए कहा कि पहले तो दिल्ली में शराब नीति बदलने की क्या जरुरत थी और अगर नई शराब नीति अच्छी थी तो फिर उसे जांच शुरु होते ही वापस क्यों लेना पड़ी। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली जल बोर्ड मामले में भी दूसरा समन एक लूट का प्रमाण है। दिल्ली की जनता जानती है कि जल बोर्ड को किस प्रकार से लूटा गया है और भाजपा इस बात को हमेशा से कहती रही है कि जलबोर्ड का घोटाला शराब घोटाले से भी बड़ा घोटाला है। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल जब सत्ता में आए थे तो टैंकर माफियाओं को खत्म करने के लिए बड़े वायदे किए जबकि उस समय जलबोर्ड 1200 करोड़ रुपये के फायदे में था लेकिन आज 80 हजार करोड़ रुपये के घाटे में है।

### ब्राह्मण महासभा के दिल्ली अध्यक्ष राम प्रकाश भारद्वाज आप में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली से ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राम प्रकाश भारद्वाज रविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। कालकाजी से आम आदमी पार्टी की विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने राम प्रकाश भारद्वाज और उनके समर्थकों को टोपी और पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर दक्षिणी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान भी मौजूद रहे। राम प्रकाश भारद्वाज के पार्टी में शामिल होने पर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि राम प्रकाश भारद्वाज और उनके समर्थकों का आम आदमी पार्टी में स्वागत है। हम सब मिलकर दिल्ली की आवाज संसद में उठाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। आतिशी ने कहा कि जब दिल्ली के लोगों के कामों को भाजपा सरकार और एलजी द्वारा रोका जाता है तो दिल्ली के सातों सांसद तालियां बजाते हैं। दिल्ली के भाजपा सांसदों ने आज तक दिल्ली के हक के मुद्दे संसद में नहीं उठाए।

### गहलोत ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव के लिए तैयार की रूपरेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक कैलाश गहलोत ने अपने विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ रविवार को बैठक कर लोकसभा चुनाव के लिए रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर आप के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा भी मौजूद रहे। इस बात की जानकारी मंत्री कैलाश गहलोत ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि लोकसभा चुनाव में पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी महाबल मिश्रा और नजफगढ़ विधानसभा में अलग अलग विंग के पदाधिकारियों के साथ आज नजफगढ़ कार्यालय में मीटिंग कर चुनाव के लिए रूपरेखा तैयार की। मुझे पूरा विश्वास है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम सभी मिलकर लोकसभा चुनाव में महाबल मिश्रा को विजयी बनायेंगे।

### रेहड़ी पटरी पर नौटंकी करना बंद करें केजरीवाल : बागड़ी

नई दिल्ली। टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य एवं हॉकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के उत्तरी दिल्ली के अध्यक्ष अशवनी बागड़ी ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लोकसभा चुनाव से पूर्व रेहड़ी पटरी वासियों से वोट बटोरने के नाम पर उनके सर्वे की घोषणा करने को नौटंकी बताया है। अशवनी बागड़ी ने कहा कि जबकि रेहड़ी पटरी का सर्वे सन 2019 में शुरू हो चुका है तथा 90 प्रतिशत रेहड़ी पटरी वासियों को लाइसेंस भी दिया जा चुका है। बागड़ी ने बताया दिल्ली सरकार से रेहड़ी पटरियों के नए संगठनों ने ज्ञापन एवं निवेदन किया है कि जिन जिन रेहड़ी पटरी वासियों का सर्वे हो गया है उन्हें उचित स्थान दिया जाए तथा उनका किराया जमा करवाना शुरू करें जिससे रेहड़ी पटरी वासी स्वाभिमान से रोजी-रोटी कमा सके परंतु दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली सरकार द्वारा रेहड़ी पटरी वासियों का किराया जमा करवाना शुरू नहीं किया जबकि एक तरफ नगर निगम आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ऐसे में रेहड़ी पटरी वासियों से किराया वसूलने से प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए की आय होगी परंतु नगर निगम में भ्रष्ट निगम पार्षद इसलिए पटरियों वासियों का किराया जमा नहीं होने देते कि उनकी महीना वसूली बंद हो जाएगी।

### महिला कांग्रेस निभाएगी लोकसभा चुनावों में अपनी अहम जिम्मेदारी


नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अभी अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। बावजूद इसके दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनावों में महिला कांग्रेस की अहम भूमिका रहेगी। प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह का कहना है कि बेशक कांग्रेस गठबंधन के तहत तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन सहयोगी दल के चारों प्रत्याशियों की जीत के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के जिम्मे हमेशा महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती रही है, और उसे पूरा भी करके दिखाया है। जानकारी अनुसार उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर अंतिम दौर चल रहा है, बहुत जल्द तीनों नामों की घोषणा कर दी जाएगी। पार्टी ऐसे चेहरों को उतारने का दम भर रही है जो भाजपा उम्मीदवारों को बड़े अंतर से हरा देंगे। महिला कांग्रेस कार्यकर्ता इन दिनों जिला से लेकर बूथ स्तर पर घर घर, गली मोहल्लों में जाकर महिलाओं से संपर्क कर रही है। महिला कार्यकर्ता महिला मतदाताओं को जहां एक तरफ भाजपा सरकार के दस साल की नाकामियों को गिना रही है। वहीं दूसरी तरफ उससे गत 10 पहले से लेकर नेहरू के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने में लगी है।

### क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा को देखते हुए डीएमआरसी ने रात 12:15 तक दी अपनी सेवाएं

नई दिल्ली। वूमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले को देखने वाले क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अपनी सेवाओं को देर रात 12 बजे के बाद तक चलाया। डीएमआरसी ने रविवार देर रात को मैच समाप्त होने की जानकारी के बाद दर्शकों को वापसी जाने में होने वाली परेशानियों के मद्देनजर फैसला किया कि रात्रि सेवाएं 12 बजे के बाद तक चलेगी। डीएमआरसी ने बकायदा इसकी घोषणा अपने सोशल मंच एक्स पर पोस्ट कर की। डीएमआरसी के अनुसार मैच में आने वाले यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए मेट्रो रात 12:15 बजे तक मेट्रो परिचालन जारी रखने का निर्णय लिया है, ताकि लोगों को अपने घर लौटने में कोई देरी व परिवहन साधन की समस्या न हो। डीएमआरसी ने मंच एक्स पर पोस्ट में लिखा कि अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात वूमेंस प्रीमियर लीग फाइनल के समापन के बाद दर्शकों की सुविधा के लिए निकटवर्ती दिल्ली गेट स्टेशन (वॉयलेट लाइन पर) से मेट्रो सेवा आधी रात 12:15 बजे बजे तक उपलब्ध रहेगी। वहीं डीएमआरसी ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं पोस्ट की।

### ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन सेवाओं पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली के ग्रामीणा क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर दिल्ली सरकार की डीटीसी, डिम्ट्स कंपनियां ध्यान नहीं दे रही हैं जिसके चलते बड़ी संख्या में हर दिन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि सरकार और प्रशासन को बार बार अवगत कराने के बाद भी दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में बसों को मनमाने तरीके से संचालित किया जा रहा है। वहीं, नरेला क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 44 पर सिंघू बॉर्डर, सिंघोला गांव के निकट फ्लाईओवर बनने के बाद वहां बस रूट बोर्ड, बस स्टैंड आदि नहीं लगाए गए हैं जिसके चलते डिम्ट्स की बसें मनमाने रूप से रोकी जाती है। कई चालक बसों को रोक देते हैं तो कई ऐसे भी जो मनमानी दिखाते हुए बसों को नहीं रोकते हैं। महासचिव डबास ने बताया कि उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र के अधिकृत अनधिकृत कॉलोनियां में परिवहन सेवाओं के मामले में दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग समस्याओं एवं शिकायतों की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुंडका कराला मार्ग पर छह रूटों 701, 915, 935, 938 बी, 941, 979 का परिचालन होता था परंतु उपरोक्त दो रूटों 701, 979 की बसें अक्टूबर 2022 से बंद हैं।



## पूर्वी दिल्ली के दुकानदारों को भेजे गए थे नोटिस

# सिविक सेंटर में विज्ञापन एजेंसियों के बीच कहासुनी, इंस्पेक्टर ने कराया बीच-बचाव




**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार के बनने और स्थाई समिति का गठन नहीं होने के चलते एमसीडी का विज्ञापन विभाग भी काफी सुर्खियां बटोर रहा है। पिछले सप्ताह की बात करें तो सूत्रों ने बताया कि निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में दो विज्ञापन एजेंसियों के लोगों के बीच अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन यूनिपोल्स और विज्ञापन विभाग की मनमानी कार्रवाई के चलते कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि इस दौरान वहां मौजूद विज्ञापन विभाग के इंस्पेक्टर्स ने बीच-बचाव किया तब मामला जाकर शांत हुआ। इसके साथ ही बता दें कि विज्ञापन विभाग ने पिछले करीब छह माह के दौरान पूर्वी दिल्ली के दुकानदारों को नोटिस भेजकर और उगाही के आरोपों के कारण सुर्खियां बटोरी है तो फिर वहीं, नरेला जोन में अवैध यूनिपोल्स पर विज्ञापन इंस्पेक्टर्स की मनमानीपूर्वक कार्रवाई और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 स्थित निगम यूनिपोल्स साईट को अवैध तरीके से लगाकर निगम राजस्व को चूना लगाया गया है। मीडिया में आने के बाद विज्ञापन विभाग ने अवैध यूनिपोल्स पर कार्रवाई भी की है। साथ ही बता दें कि पूर्वी दिल्ली में साइन बोर्ड को लेकर दुकानदारों को भेजे नोटिस को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल निगमायुक्त से भी मिला था साथ ही नेता विपक्ष और पूर्व महापौर राजा इकबाल व पार्षद संदीप कपूर ने दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 74 के अंतर्गत सदन की बैठक में प्रस्ताव भी लाने की बात कही है। बता दें कि विज्ञापन विभाग की कार्यशैली को लेकर इस माह निगम की सदन बैठक में विपक्षी दल के पार्षदों ने बैनर के साथ प्रदर्शन भी किया था।

### नेता विपक्ष ने महापौर से की थी अपील

दिल्लीवालों को विज्ञापन के नोटिस भेजने पर नेता विपक्ष राजा इकबाल ने महापौर डॉ. शैली ओबरॉय से अपील करते हुए कहा था कि दिल्ली की मार्किटों में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों पर अपने दुकान के नाम का साइन बोर्ड लगाया जाता है। दिल्ली नगर निगम द्वारा इन साइन बोर्ड की साइज तय की गई है जिससे कि दिल्ली के व्यापारी व दुकानदार अनभिज्ञ है। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों द्वारा इन दुकानदारों को अपने दुकान के सामने अवैध साइन बोर्ड लगाए जाने का हवाला देकर नोटिस देने के बहाने उनसे उगाही की जा रही है जिससे कि सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## डिवाइन कोर्ट में विधायक नागर का स्वागत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-76 स्थित एडेल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी में तिगांव के विधायक राजेश नागर का स्वागत किया। इसके लिए बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि चुनावी बिगुल बज चुका है। इस बार हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। हमें 400 से ज्यादा एमपी जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे।



## आरडब्ल्यूए कालोनी के राजीव बने प्रधान

**फरीदाबाद।** आरडब्ल्यूए डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद के चुनाव आज 17 मार्च को आर.ओ. तेज सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पं. दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन डबुआ कॉलोनी में बिना किसी भेदभाव व प्रक्रियाओं अनुसार संपन्न कराए गए। चुनाव में सभी सदस्यों से भाग लिया और निवर्तमान प्रधान राकेश वत्स ने आगामी प्रधान के रूप में राजीव शर्मा का नाम अनुमोदित किया।



## दंपती ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली

**गुरुग्राम।** यूपी के सीतापुर की एक दंपती ने गुड़गांव के सराय गांव के निकट एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर दी। मौके पर पहुंची जीआरपी को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जीआरपी ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और 174 धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गुड़गांव जीआरपी मामले की जांच कर रही है।



## एडवोकेट को जान से मारने की धमकी दी

**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर थाना एरिया में कार से आए करीब आधा दर्जन युवकों ने एक एडवोकेट व उसके साथी पर हमला दिया। आरोपियों दोनों के साथ जमकर मारपीट की और दस हजार रुपए छीनने के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्तपाल भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। दीपक वर्मा ने कहा कि वह पेशे से एडवोकेट है।



## युवक के नाम क्रेडिट कार्ड बनवा 1.11 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में युवक के नाम पर क्रेडिट कार्ड बनवाकर 1 लाख 10 हजार 900 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में रोहित शर्मा ने कहा कि उसके पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। रोहित अपने कार्ड से एयर टिकट बुक कर रहा था। लेकिन उसे ओटीपी नहीं मिल रहा था।



## केवाईसी के नाम पर महिला से 51 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में केवाईसी के नाम पर महिला को 51 हजार रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दीप्ती ने कहा कि वह गत दिवस एसबीआई पर लोगिन कर रही थी। इसी दौरान उसके पास एक पॉपअप आया जिसमें उससे केवाईसी लिंक करने के लिए कहा गया।




## विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों ने खेली फूलों की होली

# कवियों की हास्य-व्यंग्य पर लगे ठहाके, होली की रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध, गुदगुदाया भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विश्व संवाद केंद्र, मेरठ के तत्वावधान में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जहां कवियों ने होली की रचनाओं से मंत्रमुग्द किया, वहीं विभिन्न समाचार और मीडिया के पत्रकारों ने नेर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। काव्य रचनाओं को सुनने के बाद सभी ने फूलों की होली खेली। ब्रज के रसिया, गीतों और मल्हारों पर होली का आनन्द उठाया।

कवि हरिश्चंद्र सिंह 'हरीश' ने सुनाया कि 'झूठों की महफिल में रहकर मैं भी सच्चा बन जाता हूं।' वहीं, कवि दिलीप चौरसिया ने ₹अवध नगरिया राह तक रही थी धामों के धाम की, जय बोलो श्री राम की।₹ कवि शिवकुमार चौरसिया 'शिव' की होली पर रचना ₹कोई पीता भांग धतूरा, कोई विस्की रम, ये होली का मौसम, ये होली का मौसम को खूब रचाया₹। कवि आरपी शर्मा की हास्य व्यंग की रचनाओं में 'रंग पे रंग लगे इतने के हर पल रंगीन बना गई होली, देवर रंग लगाने जो पहुंचे, साथ भौजी भैया के होली' ने श्रोताओं को खूब हंसाया, गुदगुदाया।

विश्व संवाद केंद, मेरठ के तत्वावधान में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जहां कवियों ने होली की रचनाओं से मंत्रमुग्ध किया।




### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार प्रमुख रहे उपस्थित

होली मिलन समारोह की शुरुआत भारत माता और महर्षि नारद के चित्र के समक्ष पत्रकार ब्रजेश कुमार सिंह, अखिलेश द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। धीरज सिंह द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों से लगभग 125 पत्रकार, 25 लेखक, कवि, पत्रकारिता के प्राध्यापक, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आदि शामिल हुए। इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गाजियाबाद विभाग संघचालक कैलाश चंद, हरनंदी महानगर संघचालक प्रदीप कुमार, महानगर संपर्क प्रमुख प्रमित। महानगर प्रचारक ललित शंकर, गाजियाबाद महानगर प्रचार प्रमुख अमित शर्मा, वैशाली महानगर सह-प्रचार प्रमुख करुण कपिल आदि प्रमुख विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

2 साल पहले हुआ था पति का मर्डर

# गाजियाबाद में बीच सड़क महिला पर फेंका तेजाब, बेटे का गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

में महिला पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने महिला पर तेजाब फेंका है। इस वारदात को सिहनी गेट पुलिस स्टेशन के पटेल नगर गैंस एजेंसी के नजदीक अंजाम दिया गया है।

दिल्ली के सफरदरजंग अस्पताल में जख्मी महिला का इलाज किया जा रहा है। पीड़िता महिला का नाम सुमन पंचवटी बताया जा रहा है। सुमन नंदग्राम की रहने वाली हैं। शनिवार को जब वो ई-रिक्शा से अपने घर जा रही थीं तब ही रास्ते में उनपर हमला किया गयाथा। सुमन ने बताया कि 'दोनों हमलावरों ने हेल्मेट से अपना चेहरा ढक रहा था। तेजाब फेंके जाने के बाद महिला चीखने लगीं। इसके बाद एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी उन्हें अस्पताल लेकर गए थे।

पीड़ित महिला सुमन ने बताया, 'दोनों हमलावरों ने हेल्मेट से अपना चेहरा ढक रहा था। तेजाब फेंके जाने के बाद महिला चीखने लगीं। इसके बाद एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी उन्हें अस्पताल लेकर गए थे।

दिल्ली के सफरदरजंग अस्पताल में जख्मी महिला का चल रहा इलाज

हमलावरों ने हेल्मेट से अपना चेहरा ढक रहा था



### मुकदमा वापस लेने के लिए बनाया जा रहा दबाव

*प्राथमिकी में बताया गया कि मामले की सुनवाई जिला न्यायालय में जारी है और कुछ लोग उसकी मां पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी विजय को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।*

### मामले की जांच चल रही है और आरोपियों की ओर से प्रताड़ना भी जारी

हमलावरों ने तेजाब से हमला क्यों किया? इस पर महिला ने कहा, 'मेरे पति अखिलेश कुमार की पिछले साल हत्या कर दी गई थी। उस वक्त हम दौलतपुर में रहते थे। इस मामले में जांच चल रही है और आरोपियों के द्वारा हमें काफी प्रताड़ित किया जा रहा है। सिर्फ उन बदमाशों की वजह से मैं नंदग्राम जाकर रहने लगीं। मुझे आशंका है कि उन्हीं लोगों ने हमला किया है। आरोपियों के चहरे ढके हुए थे।' अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता के पुत्र शिवम की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के मुताबिक, शिवम का आरोप है कि 3 मई 2022 को कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में बदमाशों ने उसके पिता अखिलेश कुमार की हत्या कर दी।


नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

# एल्विश यादवः पार्टियों में सांप के उपयोग के पुलिस को मिले सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोएडा

रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप का जहर सप्लाई करना एल्विश यादव को भारी पड़ गया है। नोएडा के सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने चर्चित यूटयूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा पुलिस पहले ही गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर चुकी है। एल्विश यादव का केस नोएडा से लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने एल्विश के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उसे नोएडा पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद गिरफ्तारी हुई। एल्विश को सूरजपुर कोर्ट ले जाया गया है।

इस मामले पर जानकारी देते हुए नोएडा के डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि एल्विश यादव को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। पार्टी के दौरान सांपों के जहर का इस्तेमाल मामले में एल्विश को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### पुलिस ने वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया था

पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया इस मामले में पुलिस ने एल्विश यादव पर कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 461/2023 धारा 284/289/120 बी भा.द.वि. 9/39/48 I/49/50/51 और वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट-1972 के तहत मामला दर्ज किया है। वादी की तहरीर पर बनाम राहुल, टीटू, जयकरण, नारायण, रविनाथ, एल्विश यादव और अन्य के विरूद्ध थाना सेक्टर- 49, नोएडा पर पंजीकृत किया गया है। इस मामले की विवेचना थाना सेक्टर- 20 द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान स्नेक बेनम का प्रयोग पार्टियों में किए जाने के संबंध में सबूत भी मिले हैं, जिसकी विधि विज्ञान प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

17वें मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज-2024 का समापन

# फाइनल मुकाबले में बेन एंड गॉज दिल्ली की टीम ने जीती चैंपियन ट्रॉफी

मुख्य अतिथि रहे हीरो मोटर कॉर्प प्लांट प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में चल रहे मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज कप के 17वें संस्करण का समापन हो गया। क्रिकेट की चैंपियंस ट्रॉफी पर बेन एंड गॉज़ दिल्ली टीम ने कब्जा जमाया। ग्रैंड फिनाले में बतौर मुख्य अतिथि हीरो मोटर कोर्प गुरुग्राम व धारूहेड़ा प्लांट हेड विकास माटा मौजूद रहे।

इस मौके पर एमआरईआई अध्यक्ष प्रशांत भल्ला, एमआरईआई के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, एमआरईआई एमडी राजीव कपूर व सीईओ एमआरवीपी, डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव उपकुलपति एमआरआईआईआरएस, सरकार तलवार निदेशक, खेल, एमआरईआई सहित मानव रचना के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




19400 नगद व ताश बरामद

# जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सेक्टर-30 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने जुआ खेलने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में रवि, अर्जुन, राकेश और पवन का नाम शामिल है। चारों आरोपी ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले हैं। अपराध शाखा टीम ने गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर कार्रवाई करते हुए मौके आगरा नहर पट्टरी पर से चार आरोपी को काबू किया गया है। आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपियों से 19400 नगद व जोड़ी ताश बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ थाना खेडीपुल में जुआ खेलने की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है।



अपराध शाखा ने की कार्रवाई

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को ऑटो सहित किया गिरफ्तार

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा प्रभारी हिमांशु की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अभिषेक उर्फ गुल्लू मूल रुप से यूपी के हापुड के गांव सोफ्ता का तथा वर्तमान में फरीदाबाद के गांव गोच्छी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने गस्त के दौरान एनआईटी पुलिया नंबर 3 के पास से ऑटो सहित काबू किया है।




पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने ऑटो को गांव जलसा से चोरी किया था। जिसका चोरी का मुकदमा थाना सूरजकुंड में दर्ज है। आरोपी शादी की पार्टी में मजदूरी का काम करता है। वह नशे का आदी है इसके लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी पर पूर्व में थाना सारन में चोरी, लडाई झगडे और अवैध हथियार के 3 मुकदमें दर्ज है।

पहले से हैं थानों में कई मुकदमें दर्ज

# वाहन चोरी करने वाले चार आरोपी काबू, बाइम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी संदीप, बब्लू, दिनेश उर्फ गंजा और आरिफ का नाम शामिल है।

आरोपी संदीप पलवल का, आरोपी बब्लू और दिनेश उर्फ गंजा संजय कॉलोनी के तथा आरोपी आरिफ नूंह का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने अदालत से थाना सेंट्रल के चोरी के मुकदमें में पुलिस पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल को बरामद किया है। आरोपियों ने मोटर साइकिल को थाना सेक्टर-58 के एरिया सेक्टर-25 से चोरी किया था। आरोपी पर पूर्व में पलवल व गुरुग्राम में चोरी के मुकदमें दर्ज है। जिन मुकदमा में आरोपी जमानत पर चल रहा है। आरोपी संदीप, बब्लू, दिनेश उर्फ गंजा को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



आरोपी आरिफ से अन्य मुकदमें का खुलासा हुआ है जिसके लिए आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली मिलन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित मवई रोड सांई मंदिर परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्तों ने खूब नाच गाकर होली के गीतों का आनंद लिया एवं फूलों द्वारा होली खेली।

संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि हर वर्ष संस्था द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लोग आपसी वैर भाव भूलकर होली आयोजन का आनंद लेते हैं साथ ही जमकर फूलों की होली खेली गई।

होली मिलन में मुख्य रूप से प्रधान जतिन गर्ग, पंडित विनय शास्त्री, डॉक्टर नवीन, अनीश, सुधीर मेहता, मुनिराज भामरी विशेष तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात लोगों ने सांई रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

पाल -बघेल समाज की ओर से आयोजित होली मिलन

# मुसीबतों के बावजूद अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन में भलाई के कार्यों को कम नहीं होने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पाल बघेल समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने शिरकत करके अहिल्याबाई होलकर को नमन करते हुए सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं। सभी से आग्रह किया कि इस त्योहार को सुरक्षित तरीके से मनाएं। आपसी सौहार्द को बढ़ाएं।

पाल बघेल समाज की ओर से गुरुग्राम में अहिल्याबाई होलकर के नाम से चौक बनाने की मांग पर नवीन गोयल ने कहा कि इस कार्य के लिए वे जल्द ही हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से समाज के लोगों की मुलाकात कराएंगे। राज्यपाल स्वयं भी पाल बघेल समाज से संबंध रखते हैं। उनके मार्गदर्शन में अहिल्याबाई चौक का नामकरण हो, यह खुशी की बात होगी। नवीन गोयल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन में भले ही कितने ही कष्ट आए हों, लेकिन उन्हें अपने जीवन में नेकी, भलाई के कार्यों को कम नहीं होने दिया। समस्त महिलाओं के लिए वे बड़ी प्रेरणा स्त्रोत हैं। अहिल्याबाई होल्कर को एक ऐसी महारानी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने भारत के अलग अलग राज्यों में मानवता की भलाई के लिये अनेक कार्य किये थे। इसलिये भारत सरकार तथा विभिन्न राज्यों की सरकारों ने उनकी प्रतिमाएं बनवायी हैं। उनके नाम से कई कल्याणकारी योजनाओं भी चलाया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बनवाए, कुओं और बावडियों का निर्माण किया। मार्ग बनवाए, भूखों के लिए भोजन का प्रबंध किया, प्यासों के लिए प्याऊ बनवाई, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति करके शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचनों को बढ़ावा दिया। वे सदा न्याय करने का प्रयत्न करती रहीं। अहिल्याबाई को जनता 'देवी' समझने और कहने लगी थी।

# जमीन पर बैठ नकल करते दिखे अभ्यर्थी, दो वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ रांची

यूपी में और बिहार के बाद अब झारखंड में भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर है।

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 17 मार्च को 11वीं संयुक्त सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान धनबाद, चतरा, और जमताड़ा में परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने परीक्षा की सुचिता पर सवाल खड़े करते हुए कई तरह के आरोप लगाए हैं।

**जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक?**

झारखंड में 11वीं जेपीएससी की परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों के सपनों में एक बार फिर से पानी फिर गया है। चतरा और जामताड़ा जिला के बाद अभ्यार्थियों ने धनबाद जिला में भी पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया है।





### अभ्यर्थियों के आरोप

- जेपीएससी प्रीलिम्स के पेपर की सील खुली हुई थी।
- प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों के सामने खोलना चाहिए था। इसकी बजाए कार्यालय में ही खोल दी गई थी।
- पेपर को नियम से न खोलने की वजह से प्रश्न पत्र बुकलेट और ओएमआर शीट का सीरियल नंबर मैच नहीं हुआ।
- पेपर शुरू होने पर सीरियल नंबर मिस-मैच होने पर सवाल उठाए गए तो शांत करा दिया गया।

### वायरल हो रहा जमीन पर बैठे अभ्यर्थी का वीडियो

जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक होने के आरोप के बीच वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। जिसमें अभ्यर्थी जमीन पर बैठकर नकल करके ओएमआर शीट भरते दिख रहे हैं। जबकि दूसरे में गार्डेन में खुलेआम क्वेश्चन पेपर की फोटो ली जा रही है और आंसर शीट भरा जा रहा है। दोनों ही वीडियो जमताड़ा के मीहिजाम के बताए जा रहे हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। एक वीडियो में कैंडिडेट को बोलते सुना जा सकता है कि समय से पहले ही पेपर मिल गया। पीछे से आवाज आ रही है- 2 रुपए में जेपीएससी का पेपर।

## खबर संक्षेप

### गाड़ियों की चेकिंग के दौरान दबंगों का हमला



**आगरा।** आगरा-कानपुर नेशनल हाइवे पर डग्गेमार वाहनों की चेकिंग कर रही एआरटीओ की प्रवर्तन दल टीम पर दबंगों ने हमला बोल दिया। टीम से मारपीट करते हुए सरकारी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। प्रवर्तन दल के सिपाही पर तमंचा तानते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमलावर गाड़ी में रखा चालानी प्रिंटर लेकर फरार हो गए। थाने में 4 नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### होली पर रेलवे चलाएगा कई स्पेशल ट्रेन



**किशनगंज।** होली पर्व को देखते यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए एन एफ रेलवे ने कुछ ट्रेनों का सेवा विस्तार किया जा रहा है कि तो कुछ होली स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के सीपीआरओ सव्यसाची डे ने इसकी जानकारी दी है। रेलवे की ओर से इसकी सूचना जारी कर दी गई है। साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 01666/01665 की सेवाओं को प्रत्येक दिशाओं से 26 ट्रिपों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया गया।

### सभी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया

# बरसाना के लाड़ली जी मंदिर में लड्डू होली के दौरान भगदड़, एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु बेहोश

मथुरा के बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर में रविवार को राजभोग के दर्शन के दौरान भगदड़ मच गई। इससे करीब एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश हो गए। आनन- फानन में उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यूपी के मथुरा में बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर में रविवार दोपहर भगदड़ मच गई। इस घटना में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु बेहोश हो गए। इन सभी लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन सभी का इलाज चल रहा है। इसमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक लाडली जी मंदिर में लड्डू होली का आयोजन किया गया था। रविवार होने के कारण मंदिर में हर दिन से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी। इसी दौरान करीब सवा बजे मंदिर में राजभोग के दर्शन के दौरान भगदड़ मच गई। भगदड़ मचने से करीब एक दर्जन श्रद्धालु बेहोश हो गए। सभी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जबकि कुछ का मौके पर ही इलाज किया गया। भीड़ पर नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### खास बातें

- लाड़ली जी मंदिर में राजभोग के दर्शन के दौरान काफी भीड़ इकट्ठा हो गई
- भीड़ पर नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया था



### बांकेबिहारी मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा था

बांकेबिहारी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। विद्यापीठ चौराहे से लेकर मंदिर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में मौजूद थी। इसी दौरान दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जिसके बाद भीड़ में मौजूद बच्चे और महिलाएं चीखने चिल्लाने लगे। बाद में पुलिस ने हालात को काबू में किया।

### इससे पहले बरसाना में हुआ था बड़ा हादसा

इससे पहले सितंबर महीने में राधा अष्टमी के मौके पर मथुरा के बरसाना में बड़ा हादसा हो गया था। मंदिर में भगदड़ मचने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक राधा अष्टमी के मौके पर करीब 2 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। पूजा के दौरान भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान भगदड़ मच गई और दम घुटने दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई बेहोश हो गए।

### लोस चुनाव से पहले मायावती व जयंत को झटका

# 4 बार के पूर्व विधायक व दिग्गज नेताओं ने थामा सपा का दामन



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई।

पार्टियां एक-एक वोट का गुणा-गणित बनाने में जुट गई हैं। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में रक्षा मंत्रालय के सेवानिवत्त अधिकारी आदर्श कुमार सहित कई दिग्गज नेताओं ने सपा की सदस्यता ली।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां, बसपा से पूर्व विधायक हाजी रिजवान, बागपत से रालोद की महिला सभा की जिलाध्यक्ष तथा बड़ौत के तीन बार पार्षद रही रेनू तोमर ने सपा की प्राथमिक सदस्यता ली। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इन साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### बसपा सरकार में मंत्री रहे अकीलुर्रहमान खां

अकीलुर्रहमान दो साल पहले आरएलडी में शामिल हुए थे। वह बसपा से 2002 और 2007 में लगातार दो बार चुनाव जीतकर संभल जिले की बहजोई से विधायक बने थे। 2012 के चुनाव में वह सपा विधायक पिंकी यादव से हार गए थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के कारण वह चुनाव हार गए। बसपा सरकार में मंत्री रहे अकीलुर्रहमान ने बताया कि वह सपा में रहकर पूरी ईमानदारी के साथ काम करेंगे।

### हाजी रिजवान बसपा के दिग्गज नेताओं में से एक

गौरतलब है कि हाजी रिजवान बसपा के दिग्गज नेताओं में से एक माने जाते थे, वह चार बार के पूर्व विधायक हैं। दो बार कुंदरकी से और दो बार सम्भल की बिलारी विधासनभा सीट चुनाव जीता था। जबकि अकीलुर्रहमान खां रालोद के शीर्ष नेताओं में से एक थे, वह बहजोई असमौली विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं।

### आरोपी खुद ट्रामा लेकर गया, केस दर्ज

# घर के बाहर खेल रही तीन साल की मासूम को एसयूवी ने रौंदा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अलीगंज सेक्टर-ई में रविवार दोपहर घर के बाहर खेल रही तीन साल की मासूम को एसयूवी ने रौंद दिया। पहिए के नीचे आने से बच्ची की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों व इलाकाई लोगों ने सीतापुर हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस अफसरों ने इन्हें समझाकर शांत किया। इस दौरान हाईवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और एसयूवी भी बरामद कर ली गई है।

मूलरूप से सीतापुर के संदना निवासी अभिषेक राजवंशी परिवार के साथ अलीगंज सेक्टर-ई में रहते हैं। रविवार दोपहर करीब एक बजे उनकी तीन साल की बेटी राधिका राजवंशी उर्फ कशिश घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच इलाके का कुनाल सिंह अपनी एसयूवी से वहां से गुजरा और राधिका उसकी गाड़ी के नीचे आ गई। इससे बच्ची की जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शाम करीब साढ़े चार बजे परिजन जब शव लेकर घर पहुंचे तो सीतापुर हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर एसीपी अलीगंज ब्रजनारायण सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उनसे आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। अफसरों ने शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म कराया। इस बीच करीब 40 मिनट तक यातायात बाधित रहा। शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मोड़ पर हुआ हादसा, बच्ची को खुद ले गया ट्रॉमा

*डीसीपी एआर शंकर के मुताबिक मामले की जांच की गई तो सामने आया कि एसयूवी की रफ्तार अधिक नहीं थी। जब आरोपी टर्न ले रहा था उसी दौरान बच्ची चपेट में आ गई। हादसा होते ही कुनाल ने एसयूवी रोकी और घायल बच्ची को ट्रॉमा पहुंचाया। उसी ने पर्चा भी बनवाया, लेकिन जैसे ही डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित किया, वह ट्रॉमा से चला गया। पूछताछ में कुनाल ने बताया कि वह डर गया था, इसलिए भाग गया था। एसयूवी कुनाल के भाई की कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। कुनाल बैंकों के लिए बतौर कलेक्शन एजेंट काम करता है।*

### बच्ची को देख कांप गई रूह

*बीच सड़क पर मासूम राधिका को खून से सना देखकर हर किसी की रूह कांप गई। लोग उसको उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। तभी चीखते चिल्लाते हुए उसके पिता अभिषेक पहुंचे और बेटी को गोद में उठाया। इसके बाद उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। हादसे के बाद राधिका की मां अनीता व दो भाइयों के अलावा अन्य परिजन बदहवास हो गए।*

### आरोपी बोला, बच्ची मुझे नहीं दिखी

*पुलिस ने आरोपी से लंबी पूछताछ की। इसमें उसने बताया कि वह घर से निकलकर मुख्य सड़क पर जा रहा था। मोड़ के पास उसको बच्ची नहीं दिखी। जब लगा कि कोई पहिये के नीचे आ गया है तो तुरंत ब्रेक लगाई, लेकिन तब तक गाड़ी बच्ची के ऊपर चढ़ चुकी थी।*

# मुरादाबाद के दिवाकर से मिलने ईरान से आई फैजा, दोनों ने की सगाई

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यूपी के मुरादाबाद जिले में रहने वाले दिवाकर की सगाई उस समय चर्चा में आ गई जब लोगों को पता चला कि दुल्हनिया विदेश से आई है। जी हां, हम बात कर रहे हैं ईरान से भारत आई फैजा की। दरअसल ईरान की रहने वाली फैजा ने मुरादाबाद पहुंचकर दिवाकर से सगाई रचाई है। दोनों की दोस्ती इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई थी। वहीं जब दोस्ती प्यार में बदली तो फैजा अपने प्रेमी दिवाकर से मिलने भारत पहुंच गई। फिलहाल अभी 20 दिनों के वीजा पर पिता मसूद के साथ फैजा भारत आई है। फैजा और दिवाकर की सगाई भी की जा चुकी है। दोनों की शादी कानूनी प्रक्रिया के पूरी होने के बाद की जाएगी।

### रामलला का दर्शन करेगी फैजा

बता दें कि ईरान से मुरादाबाद पहुंची फैजा और उसके पिता मसूद आगरा घूमने आए। इसके साथ ही वह अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भी जाएंगे। फैजा और मसूद रामलला के दर्शन करके अपने वतन वापस चले जाएंगे। फैजा का यूट्यूबर दिवाकर से फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था। दिवाकर जुलाई 2023 में फैजा के प्यार में टूरिस्ट वीजा पर उससे मिलने ईरान के हेमेदान तक पहुंच गया था। बता दें कि फैजा एक यूनिवर्सिटी की छात्रा है, जबकि उसके पिता मसूद अखरोट की खेती करते हैं।

### लोकसभा चुनाव में नेपाल के

# चार लाख मधेशी बिहार, यूपी की 13 सीटों के बदल सकते हैं नतीजे

एजेंसी ▶▶ पटना



भारत में लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने को है। इसकी सुगबुगाहट नेपाल में भी शुरू हो गई है। नेपाल से बेटी-रोटी के साथ ही लोगों का राजनीतिक सरोकार भी है।

बिहार के करीब दो लाख समेत यूपी व उत्तराखंड के मिलाकर करीब चार लाख मधेशी हैं, जो मूलत भारतीय हैं, लेकिन वे अब नेपाल के निवासी हो गए हैं। भारत-नेपाल सीमा से सटी करीब 13 सीटों पर इन मधेशियों का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव है।

बिहार में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर ऐसे जिले हैं, जहां के मूल निवासी बड़ी संख्या में नेपाल में जाकर बस गए हैं। ये मधेशी आज तक अपने मूल जिले के वोटर बने हुए हैं। जब-जब चुनाव होता है ये मतदान करने जरूर आते हैं। दो देशों के बीच का मामला होने के कारण इनके मतदान अधिकार की समीक्षा दशकों से नहीं हुई है। इसका लाभ ये मधेशी पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक में उठाते हैं। ये न केवल खुद अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट करने सीमा पार आते हैं, बल्कि अपने संबंधियों को भी प्रभावित करने में सफल होते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास का नया अध्याय लिखा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी पंचकूला में माता मनसा देवी के दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य, स्वस्थ जीवन और प्रदेश की उन्नति की कामना की है। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने की बात कही। यहां मुख्यमंत्री ने विकसित भारत और विकसित हरियाणा के निर्माण के लिए इस लोकतंत्र के पर्व में हरियाणा की जनता से ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील भी की। माता मनसा देवी के दर्शनों के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आतंकवाद मुक्त किया है।

### पुलिस ने दर्ज की थी 15 के खिलाफ एफआईआर

# 12 को उम्रकैद की सजा, 12 साल पहले एक परिवार पर बरसाई थी ताबड़तोड़ गोलियां

*इटावा में युवक की गोली मारकर हत्या करने व अन्य लोगों को घायल करने में 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया है।*

एजेंसी ▶▶ इटावा

यूपी के इटावा में कोर्ट ने 12 साल पुराने एक मामले में 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही सभी पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

दरअसल 12 साल पहले कुछ लोगों ने एक ही ही परिवार के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी जबकि अन्य घायल हो गए थे।

### पिता की मौत, परिवार के आठ लोग हुए थे घायल



ये घटना चौबिया थाना क्षेत्र का है। सीपुरी गांव के संजय कुमार ने दर्ज कराते हुएआरोप लगाया था कि 20 मई 2012 को वह घर पर था। तभी गांव के लोगों ने आकर फायरिंग की थी। फायरिंग में उसके पिता धीरज सिंह की मौत हो गई। जबकि परिवार के आठ लोग घायल हो गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रघुवीर सिंह, संदीप, ग्रीश शर्मा, मान सिंह, छोटे लाल राम, संजू , अनिल, अनमोल शुक्ला, पुष्पेंद्र कुमार, संदीप सविता, श्याम और सुधीर सहित 15 लोगों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास के अलावा एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था और बाद में असलहा समेत अन्य की बरामदगी की थी। न्यायाधीश कुमार प्रशांत ने रघुवीर, संदीप, ग्रीश, मानसिंह, छोटे लाल, संजू, अनिल कुमार, अनमोल शुक्ला, पुष्पेंद्र कुमार, संदीप सविता, श्याम, सुधीर कुमार को दोषी पाया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

## पेज एक का शेष

### चुनाव आयोग ने ...

के अंतरिम आदेश के निर्देशानुसार, सीलबंद कवर में चुनावी बॉन्ड का डेटा दाखिल किया था। आयोग ने अपने बयान में कहा कि राजनीतिक दलों से प्राप्त डेटा सीलबंद लिफाफे को खोले बिना सुप्रीम कोर्ट में जमा किया गया था। 15 मार्च, 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में, सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने सीलबंद कवर में एक पेन ड्राइव में डिजिटल रिकॉर्ड के साथ भौतिक कॉपी वापस कर दी। सुप्रीम कोर्ट के 15 मार्च, 2024 के आदेश के अनुसार, वो सीलबंद डेटा भी सार्वजनिक करना था। पीठ ने रजिस्ट्री से उस डेटा की स्कैन नकल सुरक्षित रख मूल आंकड़े की प्रति आयोग को लौटा देने का आदेश दिया। निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड्स पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से डिजीटल रूप में प्राप्त डेटा को रविवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

### छग के पूर्व सीएम ...

शिकायत दायर की गई थी। मामला महादेव ऑनलाइन बुक के प्रमोटरों में से एक शुभम सोनी और असीम दास नामक ड्राइवर सहित पांच लोगों के खिलाफ दायर किया गया था। छत्तीसगढ़ पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)/आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) विभाग द्वारा दर्ज की गई इस एफआईआर में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के अलावा पुलिस अधिकारियों और ओएसडी के भी नाम हैं। एफआईआर में जिन अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है, वे पहले से ही गिरफ्तार हैं या जांच के दायरे में हैं। अब तक कुल मिलाकर 1764.5 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी द्वारा जब्त/फ्रीज की जा चुकी है। इससे पहले बुधवार को महादेव सट्टेबाजी एप मामले की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया कि शेयर बाजार में लगभग 1,100 करोड़ का निवेश करने के लिए कई डमी खातों और फर्जी बैंक संस्थाओं का इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच पूरी होने तक ईडी इन शेयरों को फ्रीज रखेगी।



# फिल्म 'भैयाजी' से मनोज बाजपेयी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी बॉलीवुड में अलग किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। उनकी हर फिल्म उनकी पिछली फिल्म से अलग होती है। आज अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' के पोस्टर को साझा किया है। 20 मार्च को फिल्म का टीजर रिलीज किया जाएगा वहीं फिल्म 24 मई को रिलीज होगी। 'भैया जी' रिलीज पोस्टर में मनोज ठेठ गांव वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। मनोज धोती-कुरता और कोट पहन सड़क पर बैठे दिख रहे हैं। 'भैया जी' के लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने होंठों के बीच बीड़ी दबा रखा है।



लाइफ Style

# तृप्ति डिमरी

## 'भूल भुलैया 3' के लिए मांगे 80 लाख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में रश्मिका मंदाना भी थीं, लेकिन कम स्क्रीन स्पेस में भी तृप्ति डिमरी ने अपनी पहचान बना ली। वो रातोंरात नेशनल क्रश बन गईं। इस पॉप्युलैरिटी को अब तृप्ति अच्छे से भुना रही हैं। बताया जा रहा है कि सक्सेस मिलने के बाद उन्होंने अपनी फीस डबल कर दी है।

फिल्म 'भूल भुलैया 3' होगी, जिसमें वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। 'भूल भुलैया-3' के लिए फीस बढ़ा दी है। ये भी बताया जा रहा है कि मेकर्स ने उनकी इस डिमांड को मान लिया है। तृप्ति 'भूल भुलैया 3' के लिए 80 लाख रुपए फीस ले रही हैं। एनिमल की बंपर सफलता के बाद बतौर एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के झोली में कई सारी मूवीज आई हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने इस बात का एलान किया है कि आने वाले समय में तृप्ति फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। इसके अलावा विक्की कौशल की मेरे महबूब मेरे सनम और एनिमल 2 जैसी फिल्मों में तृप्ति डिमरी दिखाई दे सकती हैं

बता दें कि काफी समय तक यूट्यूब पर एक्टिंग का सिलसिला जारी रखने के बाद तृप्ति डिमरी ने मॉडलिंग में भी अपना हाथ आजमाया। तृप्ति ने एक्टिंग क्लासेज भी लीं। तृप्ति डिमरी साल 2017 से बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में एक्टिव रहीं। पहली बार सनी देओल और बॉबी देओल स्टारर फिल्म पोस्टर ब्वॉयस से तृप्ति को लाइमलाइट मिली। इसके बाद वह लैला मजनू, बुलबुल और कला जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# ओ येओंग-सु को हुई जेल

**लॉस एंजिलस।** साल 2021 में रिलीज हुई कोरियन वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' ने दुनियाभर के लोगों का दिल जीता था। इस मेगा-हिट नेटफ्लिक्स डायस्टोपियन थ्रिलर में प्लेयर नंबर 1 की भूमिका 79 वर्षीय अभिनेता ओ येओंग-सु ने निभाई थी। हालांकि, अब इस चर्चित अभिनेता के फैंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। 'स्क्विड गेम' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीतने वाले ओ येओंग-सु को यौन दुराचार का दोषी पाया गया है।



# द बैटमैन के सीक्वल में आया बड़ा अपडेट...

**लॉस एंजिलस।** द बैटमैन पार्ट- 2 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रॉबर्ट पैटिनसन के फैंस को उनकी इस फिल्म के लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा। दरअसल, फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म में पैटिनसन कैप्ड क्रूसेडर की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, यह फिल्म अगले साल तीन अक्तूबर को सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी। अब यह फिल्म दो अक्तूबर 2026 को थिएटर्स में प्रदर्शित की जाएगी। वार्नर ब्रदर्स ने अपने कैलेंडर में अन्य फिल्मों की रिलीज डेट में भी फेरबदल किया है। अब क्रिश्चियन बेल, जेसी बकले, पीटर सार्सगार्ड अभिनीत मैगी गिलेनहाल के निर्देशन में बन रही 'द ब्राइड', तीन अक्टूबर, 2025 को 'द बैटमैन' के सीक्वल की जगह रिलीज होगी और रॉबर्ट डी नीरो अभिनीत 'ऑल्टो नाइट्स 'को 15 नवंबर, 2024 का जगह 21 मार्च, 2025 को रिलीज किया जाएगा।



# यश के साथ करेंगी साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू

**मुंबई।** करीना साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं और जल्द ही वह कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू करेंगी। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द क्रू' के लिए सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बीते साल दिसंबर में केजीएफ एक्टर यश ने अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' का अनाउंसमेंट किया था। इसी बीच मीडिया में खबरें थी की इस फिल्म में यश के अपोजिट करीना कपूर को कास्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो पर्दे पर करीना और यश की जोड़ी देखना किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। बता दें फिल्म 'टॉक्सिक' 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। करीना कपूर ने हाल ही में एक बातचीत में इस बात की ओर इशारा किया है कि वह फिल्म 'टॉक्सिक' से साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।



# डायरेक्शन में हाथ आजमा रहे सोनू सूद

**मुंबई।** बॉलीवुड के फेमस एक्टर सोनू सूद की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर मूवी 'फतेह' का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म से सोनू डायरेक्शन की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं। सोनू के साथ जैकलीन फर्नांडिस और शिव ज्योति राजपूत भी नजर आएंगी। इसे हिंदी भाषा में थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, फतेह में सोनू सूद धमाकेदार एक्शन मोड में बड़ी-बड़ी मशीन गन चलाते और गुंडों से भिड़ते नजर आएंगे। इस फिल्म को जी स्टूडियोज और सोनाली सूद ने मिलकर 'शक्ति सागर प्रोडक्शन' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। टीजर की शुरुआत में आवाज सुनाई देती है, 'फतेह, 19 मार्च को तुमने 40 आदमी' इससे पहले कि बात पूरी हो पाती, सोनू सूद की आवाज सुनाई देती है, 50, 40 नहीं पचास। 10 की बॉडीज कभी मिलेंगी नहीं।

टीवी मसाला



# श्रीमद रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण

**मुंबई।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो श्रीमद रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण, भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के एक महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए दर्शक अब लंकापति रावण की बहन शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान राम और लंकापति रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। किरदार को संगीता ओडवानी ने निभाया है। संगीता ओडवानी ने कहा कि शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए एक गहरे नजरिए की जरूरत होती है, जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में यह खोज का एक सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ एक बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद रामायण हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# उड़ने की आशा में एक विशेष भूमिका निभाएंगी आयशा सिंह



**मुंबई।** स्टार प्लस ने एक बार फिर अज्ञात क्षेत्र में कदम रखा है। अब, स्टार प्लस एक नया नाटक, उड़ने की आशा लेकर आया है, जिसमें कंवर ढिल्लों (सचिन) और नेहा हरसोरा (सैली) ने अभिनय किया है। स्टार प्लस सचिन और सैली की कहानी और रिश्तों और समीकरणों की पेचीदगियों को दर्शाने के लिए उड़ने की आशा दिखाएगा। मराठी पृष्ठभूमि पर आधारित, स्टार प्लस के शो 'उड़ने की आशा' में एक असहयोगी पति के रूप में एक पत्नी की बाधा और उसे अपने और परिवार की प्रगति के लिए बदलने की चुनौती को दर्शाया गया है। कंवर ढिल्लों ने सचिन का किरदार निभाया है, जो एक टैक्सी ड्राइवर है और इससे अपनी आजीविका कमाता है।

# फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज, खूब जमी कृति, करीना और तब्बू की तिकड़ी

**मुंबई।** पिछले काफी समय से फिल्म 'क्रू' चर्चा में है। करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की तिकड़ी पहली बार इस फिल्म के जरिए दर्शकों के बीच आने वाली है। वहीं पोस्टर और टीजर सामने आने के बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया था। अब इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है, जिसमें तीनों ही अभिनेत्रियों का अंदाज देखने लायक है। ट्रेलर में जिस तरह से कृति, करीना और तब्बू की एंट्री होती है, उससे तो यही लग रहा है कि ये तिकड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाली है। ट्रेलर से यह साफ हो गया है कि करीना, कृति और तब्बू तीनों ही अपने अभिनय और कॉमेडी से दर्शकों को अपना मुरीद बनाने वाली हैं। इसमें दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी अहम किरदार निभाते दिख रहे हैं। यह संगीत, कॉमेडी और मनोरंजन का एक बढ़िया डोज है। 'क्रू' का निर्देशन राजेश कृष्णन ने किया है। एकता कपूर और रिया कपूर इसकी निर्माता हैं। यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### करीना, कृति, तब्बू की आने वाली फिल्में

करीना जल्द ही निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम 3' में नजर आएंगी। 'वीरे दी वेडिंग 2' से भी उनका नाम जुड़ रहा है। हालांकि, अभी इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उधर कृति फिल्म 'दो पत्ती' में नजर आएंगी। यह बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म है। उधर तब्बू को फिल्म 'औरों में कहां दम था' में देखा जाएगा। इसके जरिए एक बार फिर उन्हें अजय देवगन का साथ मिला है।




# ओटीटी पर देखिए रोमांस से भरपूर ये वेब सीरीज

'फ्लेम्स' की कहानी जीत लेगी दिल

**मुंबई।** ओटीटी पर प्यार-मोहब्बत से लेकर एक्शन तक, हर तरह का कंटेंट आसानी से मिल जाता है, जो लोगों का भरपूर मनोरंजन करता है। अब अगर आप रोमांस जॉनर देखने पसंद करते हैं और कुछ दिल छू लेने वाली कहानी की तलाश में हैं तो चलिए आज कुछ ऐसी ही शानदार वेब सीरीज के बारे में जानते हैं। इन सीरीज की कहानी न सिर्फ आपका दिल जीत लेगी, बल्कि अंत तक आपको बांधे रखेगी। आइए इन सीरीज पर नजर डालते हैं।

**'फ्लेम्स':** अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद सीरीज 'फ्लेम्स' के अभी तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इसमें क्लास में पहले स्थान पर आने वाले रजत की कहानी दिखाई गई है, जिसे स्कूल में आई नई छात्रा इशिता से प्यार हो जाता है। इस बीच उसके दोस्त पांडे और अनुषा भी एक-दूसरे के प्यार कर बैठते हैं। स्कूल में होने वाले पहले प्यार का अहसास कराती इस सीरीज को आईएमडीबी पर 8.9 रेटिंग मिली है।



### 'पर्मानेंट रूममेट्स'

रोमांस और कॉमेडी से भरपूर इस वेब सीरीज में सुमित व्यास और निधि सिंह मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। इसकी कहानी एक ऐसे जोड़े के बारे में है, जो 3 साल तक लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहने के बाद साथ रहने का फैसला करता है। इसके बाद दोनों के बीच में होने वाली नोकझोंक और प्यार को बड़े ही शानदार तरीके से दिखाया गया है। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस सीरीज को आईएमडीबी पर 8.6 रेटिंग मिली है।

## जाना चाहते थे आर्मी में, कम हाईट से रिजेक्ट, बन गए हंसी के सुपरस्टार

# किराए के लिए नहीं होते थे पैसे, दर्जी का किया काम, फिर 'जंगल' से मंगल ही मंगल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन हास्य कलाकारों का जिक्र होता है तो राजपाल यादव का नाम सूची में शामिल जरूर होता है। उन्होंने अब तक कई सफल फिल्मों में काम किया है। अपने काम से दर्शकों के बीच अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। राजपाल ने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को कई बार लोटपोट किया है। शनिवार 16 मार्च को उन्होंने अपना 53वां जन्मदिन मनाया। अगर राजपाल यादव की फिल्मों की बात की जाए तो उन्होंने अपने करियर में ढेरों फिल्मों में काम किया है।

जन्मदिन विशेष



### देखा था आर्मी में जाने का सपना

शायद ही आप इस बात से वाकिफ होंगे कि राजपाल बड़े होकर आर्मी में जाने का सपना देखते थे और उन्होंने इसके लिए खूब हाथ-पैर भी मारे, लेकिन कद छोटा होने की वजह से उन्हें बार-बार रिजेक्शन झेलना पड़ा और फिर उन्होंने आर्मी का ख्याल ही मन से निकाल दिया। राजपाल ने बताया था कि अपनी किताबें खरीदने के लिए वह 10 साल की उम्र से ही नौकरी करने लगे थे, जिसे आज बाल मजदूरी बोलते हैं, लेकिन उस वक्त उन्हें नहीं पता था कि यह बाल मजदूरी है। एक दिन के हिसाब से उन्हें 8 रुपये मिलते थे। इससे उनकी छठी क्लास की पूरे सालभर की किताबें आ गई थीं। तब उनके पिताजी बहुत खुश हुए थे कि अब किताबें आ गई हैं। फीस वह किसी तरह निपटा लेंगे।

### 'जंगल' के बाद एक माह में 16 फिल्में

राजपाल ने 1992 में संस्कृत भाषा के एक टीवी धारावाहिक से अपने करियर की शुरुआत की थी। फिर वह टीवी शो 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' में भी नजर आए। 1999 तक राजपाल ने कुछेक फिल्में भी कीं, लेकिन उनमें वह छोटे-मोटे किरदारों में ही दिखे। राजपाल को पहला बड़ा ब्रेक साल 2000 में राम गोपाल वर्मा ने अपनी फिल्म 'जंगल' में दिया था। 'जंगल' से ऐसा मंगल हुआ कि फिर राजपाल ने 1 ही महीने में 16 फिल्में साइन कीं।

### बस किराये का पैसा नहीं टेलर की नौकरी की

राजपाल ने अपने संघर्षों के बारे में बताया था कि उनके पास बस में चढ़ने का किराया नहीं होता था। उनकी माली हालत काफी खराब थी। आलम यह था कि अभिनेता के सिर पर पक्की छत तक नहीं थी। पिता का सहारा बनने के लिए राजपाल ने टेलरिंग का काम सीखा। उन्होंने ऑर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री से अप्रेंटिस का कोर्स किया और टेलर बन गए। हालांकि, कपड़े सिलने में उनका मन नहीं लगा, क्योंकि उनके दिमाग में अभिनय का कीड़ा था।

### इन फिल्मों से छा गए लोगों के दिल में

राजपाल यादव ने अपने करियर में 'मालामाल', 'प्यार तूने क्या किया', 'हंगामा', 'अपना सपना मनी मनी', 'भूल भुलैया', 'चुप चुप के', 'फिर हेरा फेरी', 'ढोल', 'मैं', 'मेरी पत्नी और वो', 'मुझसे शादी करोगे', 'गरम मसाला' और 'भूतनाथ' सहित कई फिल्मों में काम किया और एक बेहतरीन कॉमेडियन बनकर उभरे। 'भूल भुलैया' का छोटा पंडित हो या 'ढोल' का मार्तंडय, 'चुप चुपके' का बंद्या लाल हो या फिल्म 'फिर हेरा फेरी' का पप्पू पाटेकर, राजपाल ने अपने अभिनय और मजेदार अंदाज से हर बार दर्शकों के साथ-समीक्षकों का भी दिल जीत लिया।

# गौरव राजपूत को मंत्रालय में पदेन सचिव बनाया, सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत को मंत्रालय स्थित गृह विभाग में पदेन सचिव व ओएसडी के पद पर पदस्थ किया है। पहले संजय तिवारी को ओएसडी पदेन सचिव मप्र गृह विभाग में पदस्थ किया था। किंतु उन्हें हटाकर गौरव राजपूत को पदस्थ किया है। तिवारी को पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय बनाया है।

जारी आदेश के अनुसार, गृह विभाग ने 2004 बैच के आईपीएस राजपूत की सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपते हुए उन्हें ओएसडी बनाया गया है। जबकि संजय तिवारी की सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग से वापस लेते हुए पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया। इसी तरह राज्य सरकार ने राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के भी तबादले के आदेश जारी किए हैं।

## संजय तिवारी को पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय बनाया

### नीलम चौधरी को डीएसपी सागर पदस्थ किया

*नीलम चौधरी को डीएसपी सागर, उमेश गर्ग को डीएसपी दतिया, मोहन सरवन को डीएसपी महिला सुरक्षा नर्मदापुरम, विवेक कुमार शर्मा को एसडीओपी डबरा ग्वालियर, रविंद्र बिलवाल को सहायक सेनानी प्रथम वाहिनी इंदौर, विकास पांडे को डीएसपी महिला सुरक्षा शहडोल, सुश्री सनम बी खान को एसडीओपी मुगावली अशोक नगर, शिवेंदु जोशी को सहायक पुलिस आयुक्त आसूचना इंदौर, मोहित यादव को एसडीओपी पिपरिया नर्मदापुरम, नीलम बघेल को एसडीओ सैलाना रतलाम, सुप्रिया चौधरी को कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त यातायात इंदौर, पंकज परमार को सहायक सेनानी हाईकोर्ट जबलपुर, प्रियंका पांडे को एसडीओपी पांढुर्णा, आकांक्षा को डीएसपी उज्जैन, विश्वदीप परिहार के आदेश में संशोधन किया गया है, उन्हें कार्यवाहक सहायक सेनानी बिसबल इंदौर पदस्थ किया गया है। इसी तरह देवेंद्र सिंह यादव के आदेश में भी संशोधन किया गया है, उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त यातायात भोपाल पदस्थ किया गया है। राजेश तिवारी को एसडीओपी विजयपुर, अतुल कुमार सिंह को डीएसपी विदिशा बनाया गया है।*

### अभिषेक राजन का तबादला निरस्त, किया यथावत

शुक्रवार को देर रात जारी आदेश के अनुसार अभिषेक राजन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के पद पर की गई पदस्थापना में संशोधन करते हुए यथावत किया गया है। इसी तरह संतोष डेहरिया के आदेश में भी संशोधन करके उनकी पदस्थापना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कटनी में की गई है। पहले उन्हें शहडोल में पदस्थ किया गया था। इसी तरह पल्लवी शुक्ला को एएसपी उज्जैन, हरिनारायण बाथम को एएसपी यातायात देवास, संतोष कुमार कौल को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात इंदौर, मंजू लता यादव को उप सेनानी दतिया, कल्याणी बर्डे को डीएसपी मुख्यालय भोपाल, देवनारायण यादव को एसडीओपी सुसनेर आगर मालवा, दीपाली चंदोरिया को एसडीओपी लहार भिंड, संजय को डीएसपी मेहगांव भिंड, दीपक तोमर को डीएसपी मुख्यालय भिंड पदस्थ किया गया है।

## डॉ. श्रीवास्तव को पीसीसीएफ (वन्य प्राणी) के पद पर पदस्थ किया

*राज्य शासन ने शुक्रवार देर रात जारी एक आदेश में 1988 बैच के आईएफएस प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव को पीसीसीएफ मुख्यालय (वन्य प्राणी) के पद पर पदस्थ किया है। अभी तक वे पीसीसीएफ (कार्य आयोजना एवं वन भू अभिलेख) मुख्यालय के पद पर पदस्थ थे। इसीतरह राकेश कुमार यादव को पीसीसीएफ एवं प्रबंध संचालक मप्र राज्य वन विकास निगम में पदस्थ किया गया है। वन विभाग ने अभी कुछ समय पहले ही एपीसीसीएफ से पीसीसीएफ बनाए गए विभाष कुमार को पीसीसीएफ एवं प्रबंध संचालक मप्र राज्य लघु वनोपज संघ में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया है। जबकि वीएन अंबाड़े को पीसीसीएफ कार्य आयोजना एवं वन भू अभिलेख के पद पर पदस्थ किया गया है। वे पीसीसीएफ मुख्यालय में पदस्थ थे।*

### राकेश सिंह को मत्स्य महासंघ का एमडी बनाया

राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह को मत्स्य महासंघ का एमडी बनाया है। जबकि उनकी जगह पर विवेक श्रोत्रिय को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल तथा पदेन उप सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग (केवल निर्वाचन कार्य के लिए) के पद पर पदस्थ किया है।

## खबर संक्षेप



### हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाना लक्ष्य : उपाध्याय

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने शनिवार को मंदसौर में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र प्रबंधन व चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। उपाध्याय ने मंडल व कोर कमेटी की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग प्रभारी जीतू जिराती ने भी संबोधित किया। उपाध्याय ने कहा कि हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य है।

### डॉ. मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद



**भोपाल।** आत्मविश्वास और अहंकार में बारीक अंतर होता है, लेकिन यह परिणाम बदल देता है। इसलिए मैं हार नही सकता यह आत्मविश्वास होना आवश्यक है, लेकिन मुझे कोई हरा ही नही सकता यह अहंकार नही होना चाहिए। यह बात पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बूथ विजय अभियान के अंतर्गत शनिवार को दतिया जिले के भांडेर में प्रबुद्धजनों, कार्यकर्ता व पन्ना प्रमुखों को संबोधित करते हुए कही। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता आत्मविश्वास के साथ घर-घर से निकलेंगे तो विरोधियों के हौसले भी पस्त हो जाएंगे।

### परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया से गोठी मैदान में

**भोपाल।** परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया ने भोपाल लोकसभा से मराठी फिल्मों के फिल्म निर्माता निर्देशक कप्तान अक्षय गोठी को मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनू महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अक्षय गोठी के दादा जी स्वर्गीय गोकुल चंद्र गोठी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं और अक्षय गोठी हर समय समाज सेवा में विशेष योगदान देते है। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में भी उन्होंने कई लोगों को रोजगार देने का कार्य किया है। अब भोपाल की जनता की सेवा करने का कार्य करेंगे।



मप्र में चार चरण में होंगे लोकसभा चुनाव, प्रभावशील हुई आचार संहिता

# अंतरराज्यीय नाकों पर अवैध शराब, कैश और मादक पदार्थों के परिवहन पर सख्त निगरानी के दिशा-निर्देश



## प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से होगा पालन: सीईओ राजन

## भारत निर्वाचन आयोग ने की लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के साथ ही सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, कलेक्टरों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तरह की तैयारियां की गई है। सुरक्षा के खास तौर पर बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

मप्र के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों से चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतरराज्यीय नाकों पर अवैध शराब, नगद राशि और मादक पदार्थों के परिवहन पर सख्त निगरानी रखने को कहा गया है।

राजन ने बताया कि पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई और चौथे चरण के लिए मतदान प्रक्रिया 13 मई को सम्पन्न होगी। सभी चरणों की मतगणना के परिणाम एक साथ 4 जून को घोषित होंगे।

### इन लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान

पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसीतरह दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद एवं बैतूल में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 5 अप्रैल को की जाएगी। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा।

### मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी ने शुरू की निगरानी

राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (स्टेट लेवल एमसीएमसी) की ओर से न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन एवं समाचारों पर निगरानी रखने के लिए जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घंटे निगाह रखेगी। सरकारी, सार्वजनिक, निजी संपत्ति पर अनाधिकृत विरूपण हटाने के लिए नियत सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### सी विजिल एप में कर सकेंगे शिकायत

किसी भी तरह की शिकायत के लिए सी-विजिल एप का उपयोग किया जा सकता है। शिकायत के लिए जीपीएस आधारित सी विजिल एप में 2 मिनट का वीडियो और फोटो डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### तीसरे चरण में मतदान 7 मई को

तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 7 मई 2024 को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 7 मई को होगा।

### चौथे चरण में वोटिंग 13 मई को

चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन एवं खंडवा में 13 मई 2024 को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 मई को होगा।

### पात्र नागरिक अभी भी जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम

सीईओ राजन ने बताया कि पात्र नागरिक अभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

आचार संहिता लगने के साथ कलेक्टर ने धारा-144 के तहत जारी किए आदेश

## डीजे बजाने एसडीएम से लेना पड़ेगी परमिशन, शस्त्र लाइसेंस सस्पेंड

### जुलूस, रैली, आमसभा, वाहन की लेना पड़ेगी अनुमति




लोकसभा चुनाव के लिए लागू की गई आचार संहिता के बाद अब बैंड-बाजा और डीजे बजाने के लिए एसडीएम से परमिशन लेना पड़ेगी। जिले के 10 हजार 800 शस्त्र लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। एक सप्ताह में शस्त्र नजदीकी थाने या शस्त्र डीलर के यहां जमा करना पड़ेंगे। चुनाव के दौरान सोशल मीडिया सहित अन्य तरह से अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई भी बंद रहेगी। आम लोग अपनी शिकायत डायरेक्ट दे सकते हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आचार संहिता को देखते हुए जिले में धारा-144 लागू कर दी है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार और उनके राजनैतिक दलों के नेताओं को वाहन रैली, जुलूस या आमसभा करने पर परमिशन लेना पड़ेगी। चुनाव का ऐलान होने के साथ अब चुनावी प्रचार पर निर्वाचन आयोग की टीम निगरानी रखेगी। वर्तमान में शादियों का सीजन बंद है, हालांकि अप्रैल माह में शादियां होंगी, जिसको देखते हुए शादी समारोह में बैंड-बाजा और डीजे बजाने के लिए परमिशन लेना पड़ेगी।

### बढ़ाएंगे मतदान का प्रतिशत

*कलेक्टर ने कहा कि इस बार पिछले चुनाव से ज्यादा मतदान का प्रयास करेंगे। हम सभी गैर राजनीतिक संगठनों, प्रभावशाली लोगों को जोड़कर अधिक से अधिक वोटिंग का प्रयास करेंगे। पिछले चुनाव की वोटिंग का रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे। आदर्श आचरण संहिता को लेकर 24, 48, 72 घंटे की कार्रवाई करेंगे।*

### कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक

*आचार संहिता लागू होते ही भोपाल में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। सभी प्रकार के अवकाश की अनुमति अब कलेक्टर ही देंगे। सभी को मुख्यालय पर रहने को कहा गया है। बाहर जाने के लिए भी कलेक्टर से परमिशन लेना पड़ेगी। सार्वजनिक अवकाश के दिन भी कार्यालय खुले रहेंगे।*

### फ्लैक्स-बैनर हटाने के लिए टीमें तैयार

*चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद जरूरतमंदों को रेडक्रास से भी मदद नहीं मिलेगी। इधर, फ्लैक्स-बैनर हटाने के लिए नगर निगम की टीमें भी तैयार है। आचार संहिता लगते ही टीमें मैदान में उतर गई हैं।*

### दस उड़नदस्ते करेंगे अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर रोक के लिए निगरानी

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने लिए आबकारी ने दस-अलग-अलग उड़नदस्ते बनाए हैं। उड़नदस्ते के सदस्यों को सातों दिन 24 घंटे अपने मोबाइल ऑन रखना होगा। इधर, होटल, रेस्टोरेंट या अवैधानिक जगहों पर शराब पीने और पिलाने के मामले सामने आने के बाद संबंधितों के गुमाश्ता, फूड लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अवैध शराब की धरपकड़ के लिए 10 उड़नदस्ते गठित कर इसके आदेश जारी कर दिए हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया के नेतृत्व में एक रिजर्व उड़नदस्ता बनाया गया है, जो कंट्रोल रूम में 24 घंटे तैनात रहेगा।

## ललित कुमार दाहिमा को फिर से जेल विभाग की जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने 2006 बैच के आईएएस ललित कुमार दाहिमा को जेल विभाग में सचिव के पद पर पदस्थ किया है। इससे पहले भी जेल विभाग में अपर सचिव के पद पर पदस्थ थे।

- अजय कटेसरिया को सामान्य प्रशासन विभाग में उपसचिव बनाया

इसके बाद इनका तबादला कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग में कर दिया गया था। हालांकि अब फिर से उन्हें जेल विभाग में सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह महिला व बाल विकास विभाग में पदस्थ उप सचिव अजय कटेसरिया को सामान्य प्रशासन विभाग में उपसचिव बनाया गया है। जबकि अभी हाल ही में सिंगरौली कलेक्टर पद से स्थानांतरित किए गए अरुण कुमार परमार को पहले उप सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग बनाया गया था।

किंतु एक दिन बाद ही उनके आदेश में संशोधन के बाद उन्हें अपर आयुक्त राजस्व रीवा के पद पर पदस्थ किया गया है।

इसी तरह अजीजा सरशार जफर को उप सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में पदस्थ किया गया है।

अपर कलेक्टर हर्ष को दी दक्षिण एडीएम की जिम्मेदारी

## नार्थ हिमांशु चंद्र, मेश्राम को मुख्यालय का दिया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपर कलेक्टर हरेंद्र नारायण, अंकिता धाकरे के तबादले के बाद अपर कलेक्टर हिमांशु चंद्र, हर्ष पंचौली और अंकुर मेश्राम के बीच कार्य विभाजन कर दिया गया है। शनिवार को जारी आदेश में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नार्थ एडीएम की जिम्मेदारी चंद्र को सौंपी है, जबकि दक्षिण एडीएम का काम देख रहे अंकुर मेश्राम को हटाकर एडीएम मुख्यालय-2 बनाया गया है। इधर अपर कलेक्टर हर्ष पंचौली को एडीएम दक्षिण का काम दिया गया है।

- कार्य विभाजन का आदेश जारी, अफसरों ने शुरू किया काम करना

कार्य विभाजन का आदेश जारी होने के साथ अफसरों ने काम शुरु कर दिया है। मालूम हो कि आईएएस हर्ष पंचौली इसके पहले नगरीय विकास विभाग में उप सचिव थे, जबकि हिमांशु चंद्र उप सचिव लोक निर्माण विभाग का काम देख रहे थे।

कांकेर के चिलपरस के जंगलों में आमना-सामना

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली ढेर हो गया। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम घोषित है। नक्सली के शव की पहचान नक्सली कमांडर मनकेर के रूप में हुई है। इसके अलावा मौके से एलएमजी रायफल के साथ ग्रेनेड व विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

कांकेर पुलिस अधीक्षक आइके एलेसेला ने प्रेस कांन्फ्रेस में बताया कि नक्सली कमांडर राजू सलाम की सूचना पर जवानों की टीम शनिवार को चिलपरस के जंगलों में सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से जवानों का आमना-सामना हो गया। लगातार दो घंटे चली मुठभेड़ के बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। इसके बाद जवानों को मुठभेड़स्थल से वर्दीधारी नक्सली का शव मिला।

एसपी आईके एलेसेला ने बताया कि मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल का मुआयना किया। वहां वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान नक्सली कमांडर मनकेर के रूप में हुई है।

### रायफल के साथ ग्रेनेड व विस्फोटक बरामद

मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पर आठ लाख का इनाम घोषित है। जवानों ने मौके से एलएमजी रायफल के साथ ग्रेनेड व विस्फोटक सामग्री बरामद की है। देर रात तक डीआरजी की टीम चिलपरस के जंगलों से कोयलीबेड़ा पहुंच पाएगी। वहीं मारे गए नक्सली की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन हथियार को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मारा गया नक्सली हार्डकोर नक्सली हो सकता है।

मोटरसाइकिल सवार एक युवक और दो महिलाओं ने तोड़ा दम

ट्रक सीमेंट खाली कर लौट रहा था

## खैरागढ़-छुईखदान में रफ्तार का कहर, बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के बाजार अतरिया मदनपुर के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवारों को रौंद दिया। दुर्घटना में मोटर साइकिल चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक पुरुष व दो महिलाएं हैं।

घटना दोपहर तीन बजे की आसपास की है। मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

### एक महिला की 20 दिन पहले हुई थी शादी

पुलिस ने बताया कि धमधा की ओर से ट्रक सीमेंट खाली कर आ रहा था। वहीं मोटर साइकिल में तीन लोग सवार थे, तीनों शहर की ओर आ रहे थे। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को उठाकर अस्पताल भेजवाया। बताया जा रहा है दुर्घटना में मृत एक महिला की शादी 20 दिन पहले हुई थी। मामले में छुईखदान पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है। इधर, आरोपी ट्रक चालक की पतासाजी की जा रही है।

आशंका: किसी पहचान वाले ने दिया वारदात को अंजाम

## शिक्षिका के मकान से दिनदहाड़े 1.70 लाख का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी की कॉलोनी में निवासरत एक शिक्षिका के घर का ताला तोड़ कर 1.70 लाख के सामान की चोरी कर ली गई। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी के विभागीय आवासीय परिसर यमुना विहार में रागिनी चौहान निवासरत है। वे शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि रागिनी सुबह नौ बजे ड्यूटी चली गई थी। उनके पति व बेटी किसी कार्यवश बिलासपुर गए हुए थे, जबकि पुत्र भी अपने काम पर निकल गया। बहू मकान के ऊपरी हिस्से में थी। घर में काम करने वाली नौकरानी ने अपना काम खत्म कर ताला लगा कर चाबी बहू को सौंप दी और अपने घर चली गई। किसी कार्यवश जब बहू नीचे उतरी, तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है, अंदर गई तो सारा सामान बिखरा हुआ था। नगद और सामान मिलाकर एक लाख 70 हजार रुपए की चोरी चोर ने कर ली थी। घटना की सूचना उसने रागिनी चौहान और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शिक्षिका रागिनी व पुलिस स्थल पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अन्य जानकारी एकत्र की। दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि चोरी दिनदहाड़े हुई है, आशंका है कि किसी पहचान वाले शख्स का घटना में हाथ हो सकता है।

## चिंतन

# शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण चुनाव कराना चुनौती

देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज हो गया है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा, चार राज्यों के विधानसभा और 26 विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। देश में 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होंगे। 2019 की तरह 2024 का लोकसभा चुनाव भी सात चरणों में होगा। तर्क जो भी हो, आयोग ने बहुत लंबा शेड्यूल जारी किया है। आजादी के बाद यह दूसरा बड़ा शेड्यूल है। निर्वाचन आयोग इससे बच सकता था। बेशक चुनाव सात चरण में होते, पर इसे एक माह में खत्म किया जा सकता था। बिहार, यूपी, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में पांच से सात चरण में चुनाव कराना राज्य की जनता के साथ न्याय नहीं है। हरेक राज्य में एक चरण में ही चुनाव कराया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग को इस वास्तविकता की ओर ध्यान देना चाहिए, जब देश एक राष्ट्र एक चुनाव की तरफ बढ़ रहा है, तो किसी खास राज्य को विभिन्न चरणों में झोंकना उचित नहीं है। किसी राज्य के दो पास के लोकसभा क्षेत्र में अलग अलग डेट में चुनाव कराना उस क्षेत्र मतदाताओं के साथ न्यायपूर्ण नहीं है। यह सही है कि देश बड़ा है, देश की भौगोलिक परिस्थितियां दुरूह है, लॉजिस्टिक्स व कर्मचारी के आवागमन में समय लगते हैं, इसलिए पांच से सात चरण में चुनाव समझ में आते हैं, पर किसी एक ही राज्य में पांच से सात चरण में चुनाव समझ से परे है, ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग पर सवाल उठेंगे ही कि आखिर क्यों? देश में पांच प्रमुख क्षेत्र हैं, उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पश्चिम भारत, पूर्वोत्तर भारत और मध्य भारत, एक क्षेत्र में एक चरण में चुनाव कराए जा सकते हैं। देश में चुनाव को रुचिकर बनाए रखना निर्वाचन आयोग का काम है, छोटी अवधि और क्षेत्रवार एक चरण में चुनाव कराए जाने से यह मतदाताओं के लिए आसान रहेगा, इंटरेस्टिंग भी बना रहेगा, पर थकाऊ और उबाऊ चुनाव शेड्यूल के चलते इसके बोरिंग होने का खतरा है। भारत जैसे तेज विकास वाले देश में इतने लंबे समय तक आचार संहिता अच्छा प्रयोग नहीं है। 16 मार्च को चुनाव तिथियों का ऐलान हुआ है, चार जून को नतीजे के साथ चुनाव प्रक्रिया पूरी होगी। करीब ढाई महीने तक देश में चुनाव प्रक्रिया चलती रहेगी। चुनाव आयोग को अपनी कार्यप्रणाली पर विचार करना चाहिए, उसे अपनी शक्ति का आभास होना चाहिए। चुनाव ऐलान के साथ ही ईसीआई ने दलों व नेताओं के लिए सख्त गाइडलाइन जारी की है। नेताओं के माहौल बिगाड़ने वाले और व्यक्तिगत आक्षेप वाले बोल पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। देश में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण चुनाव कराने की जिम्मेदारी केंद्रीय निर्वाचन आयोग की है, यही उसकी चुनौती भी है। दलों व नेताओं की भी जिम्मेवारी है कि वे अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए अपशब्द का इस्तेमाल न करें, अपने भाषणों से माहौल न बिगाड़ें और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित करें। हाल के वर्षों में चुनावों के दौरान राजनीति कटुता बढ़ती दिखी है, इससे सामाजिक व धार्मिक सौहार्द बिगड़ते दिखे हैं। निर्वाचन आयोग की सख्ती के चलते इस बार के चुनाव में राजनीतिक भाषणों में संयम की उम्मीद की जानी चाहिए। चुनावों के दौरान सोशल मीडिया के दुरूपयोगों को भी रोकने की जरूरत है। इन्फ्लूएंस करने के लिए और किसी की छवि भंजन के लिए सोशल मीडिया का दुरूपयोग हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डीपफेक आने के बाद से फेक न्यूज का खतरा और बढ़ गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि देश में यह चुनाव नई राजनीतिक नजीर पेश करेगा।

## रणनीति

डॉ. रमेश ठाकुर



# 'डीपफेक' से लड़ेगा चुनाव आयोग का 'एआई' जुगाड़!

डीपफेक की उन्मादी करतूतों ने आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। वैसे ही चुनाव दर चुनाव उस पर नित नए आरोप लग रहे हैं। इसके अलावा इलेक्शन के दौरान झूठी खबरों और भ्रामक प्रचार का इतना प्रसार हो चुका है, जिससे निपटना भी चुनौती बना हुआ है। आम चुनाव एकदम सिर पर हैं। चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए ऐसी समस्याओं से कैसे निपटा जाए, उन्हें रोका जाए और उनका निवारण-छुटकारा हो? जैसे अति संवेदनशील मसले पर हिंदुस्तान का चुनाव आयोग बेहद गंभीरता से विचार-विमर्श करने के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिह्नित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा। आयोग के टॉप अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्बाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली वीडियो, झूठी खबरें, फेक चेहरों की पहचान करेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी। गलत होने पर उसे तुरंत डिलीट कर देगी। चुनाव आयोग को अंदेशा है कि प्रधानमंत्री से लेकर प्रमुख मंत्रियों की आवाज इस बार के चुनाव में गलत इस्तेमाल हो सकती है। वोटों की गिनती में पारदर्शिता रहे उन पर इन खुराफातों का असर न हो, इसके लिए एआई दोधारी तलवार बनेगी। जैसे 2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। ऐसा करना इसलिए जरूरी हो गया है लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग को बहुत महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है। इस संस्था के कंधों पर ऐसी जिम्मेदारी है, जो हुकुमती नींव रखती है, पर सोशल मीडिया की भ्रामक खबरों और अनापत्ति हरकतों ने इस संस्था की विश्वसनीयता और उसकी साख पर बट्टा लगा डाला है। आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही? दरअसल, इन आरोपों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। हालांकि, ईवीएम मशीन का जहां तक सवाल है, तो आयोग ने खुद आरोप लगाने वाले दलों को ईवीएम हैक करने की खुली चुनौती कई मर्तबा दी। मशीनें पर जांच के लिए सामने प्रस्तुत की, लेकिन तब कोई नहीं पहुंचा? इलेक्शन में डीपफेक के जरिये हूबहू नेताओं की आवाज निकालकर गलत बातें बुलवाई जाती हैं और उन्हें डीपफेक के ही माध्यम से सोशल मीडिया पर जारी भी किया जाता है। केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
सुरेश हिन्दुस्थानी

# एक साथ चुनाव, सार्थक पहल

राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। देश में बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना एक सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है।

अभी हाल ही में एक साथ चुनाव कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है कि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। देश में बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना एक सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है।

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है, इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है।

केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होनी चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा।



हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनाई जानी चाहिए।

केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देश हित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है, इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं है, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने भी इस प्रकार की नीतियां बनाई हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रूप से आगे बढ़ते जा रहे हैं, जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, फिर अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए।

जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तब से ही देश में राष्ट्रीय हित की दिशा में अनेक काम किए जा रहे हैं। इन कामों का वास्तविक स्वरूप भविष्य में ही सामने आएगा, क्योंकि देश में लम्बे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि अब भारत से समस्याओं का निदान संभव ही नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थी कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। इसके कारण देश ने अनेक उतार चढ़ाव भी देखे हैं। वर्तमान की कई समस्याएं अपने देश की सरकारों की ही देन है। सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के बजाय देश हित के काम किए होते तो संभवतः देश में इतनी विकराल स्थिति कतई पैदा नहीं होती।

मोदी सरकार ने देश की स्थिति को सुधारने के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। एक साथ चुनाव की प्रक्रिया भी उसी कड़ी का हिस्सा कहा जा सकता है। एक साथ चुनाव कराने का कदम भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी विपक्षी दल तो आलोचना करेंगे ही, लेकिन जनता निश्चित रूप से इसे सही कदम मानकर इसका समर्थन ही करेगी। अगर देश में लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होने पर राजनीतिक दलों की सहमति बनती है तो इससे आम जनता को राहत ही मिलेगी, लेकिन सरकार विरोधी राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस पर क्या कहेंगे। हालांकि देश में जनहित के साथ ही राष्ट्रीय हितों के प्रति सबको समर्थन देना ही चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय हित से बड़ा कुछ हो ही नहीं सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित
**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित
**प्रेरणा**

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## बसंत उत्सव



कोलकाता के मैदान क्षेत्र में बसंत उत्सव से पहले युवा महिलाएं रंगों से होली खेलती हुईं।

## आज की पाती

### नागरिकता संशोधन कानून प्रशंसनीय कदम

भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को पूरे देश में लागू करने के लिए अधिनियम जारी किया गया है। वह एक बहुत ही अच्छा कार्य है। जो लोग हमारे पड़ोसी पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक दृष्टि से अल्पसंख्यक होने के कारण सांप्रदायिक हिंसा का शिकार होते रहे हैं, जिन्हें हर तरह से अपमानित किया गया, बहुत से परिवारों की बेटियां उठाकर ले गए, जबरी धर्मपरिवर्तन और उनसे किसी भी उम्र के मुसलमान से शादी कर दी गई, वे लोग धार्मिक दृष्टि से पीड़ित और अपमानित होने के कारण वर्षों से शरणार्थी के रूप में भारत में बैठे थे। **-मोहन वर्मा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बड़े पर्व का शुभारंभ



भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनाव आयोग की निष्पक्षता और भारत की चुनावी प्रक्रिया ने पूरे विश्व में कीर्ति अर्जित की है। चुनाव आयोग द्वारा आज लोकसभा चुनावों की घोषणा से लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का शुभारंभ हो गया है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### महिलाओं को नेतृत्व मिले



10 में से 8 से अधिक वित्त मंत्री पुरुष हैं। 10 में से 9 से अधिक केंद्रीय बैंक गवर्नर पुरुष हैं। अत्यधिक पुरुष-प्रधान वित्तीय संस्थानों को उन संरचनात्मक बाधाओं को खत्म करने की जरूरत है जो महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से रोक रही हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### आहार की बड़ी भूमिका



जीवन की सिद्धि में आहार की बड़ी भूमिका है, अतः उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रकृति के निकट जाएँ। ऋतुओं के अनुकूल प्राकृतिक आहार लें। प्रकृति नित्य परिवर्तनशील है, इसलिए ऋतु और जलवायु में परिवर्तन का प्रभाव वनस्पतियों में दृष्टिगोचर होता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### उस पर ध्यान दें



जो आपके वश में है उस पर ध्यान दें- आपके कार्य, तुम्हारे शब्द, अपने विचार। बाकी को जाने दो- अन्य कार्य, अन्य शब्द, दूसरों की राय।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला में मादुरो बने राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी



काराकस। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को जुलाई में होने वाले राष्ट्रपति पद के बहुप्रतीक्षित चुनाव के लिए शनिवार को उनकी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित कर दिया गया, जिससे उनके तीसरे कार्यकाल की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वेनेजुएला के अधिकारियों ने मादुरो की मुख्य प्रतिद्वंद्वी मारिया कोरिना मचाडो को 15 साल के लिए किसी भी सरकारी पद पर आसीन होने के लिए अयोग्य करार दे दिया है। इसके बाद से ही वेनेजुएला में चुनाव विवादों के घेरे में है। मादुरो ने काराकस में सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी की एक बैठक में 28 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पार्टी की ओर से उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कहा कि उनके पास ''लोगों का समर्थन'' है। पार्टी के अनुसार, उसके फैसले का 40 लाख से अधिक सदस्यों ने समर्थन किया है। मादुरो, हुगो चावेज की मौत के बाद मार्च 2013 में राष्ट्रपति बने थे। एक और कार्यकाल हासिल करने से मादुरो 2031 तक वेनेजुएला सरकार के शीर्ष पद पर बने रहेंगे। उनके कार्यकाल में वेनेजुएला गहरे आर्थिक संकट में फंस गया तथा अमेरिकी प्रतिबंधों ने हालात और बदतर बना दिए।

## ऑफ बीट

# वॉशिंग मशीन की कौनसी सेटिंग का इस्तेमाल करें



पृथ्वी की सतह से 400 किलोमीटर ऊपर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री काफी सामान्य सामाजिक जीवन जीते हैं। वे अपने कपड़ों को बिना धोए कई दिनों और हफ्तों तक पहने रहते हैं। वे अपने कपड़ों को धोते नहीं हैं, क्योंकि वहां पर पानी की किल्लत है। लेकिन यहां धरती पर कपड़े धोना हमारे जीवन का एक हिस्सा है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर में घरों में कपड़े धोने के लिए हर दिन 21,000 ओलंपिक 'स्विमिंग पूल' के बराबर पानी का इस्तेमाल किया जाता है। हमारे कपड़ों के रेशे हवा (इस्तेमाल के दौरान या ड्रायर में), पानी (धोने) और मिट्टी (कचरे के रूप में) के माध्यम से पर्यावरण में मिल जाते हैं। कपड़े के रेशे के झड़ने का आसानी से पता नहीं चलता है और हम तभी इस ओर ध्यान देते हैं जब हमारे पसंदीदा कपड़े 'खराब' हो जाते हैं और तबतक बहुत देर हो जाती है। आप यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपकी पसंदीदा पोशाक उसे पहनने की आपकी इच्छा से अधिक समय तक टिके? सरल प्रश्न, जटिल उत्तर। वॉशिंग मशीन नरमी नहीं बरतती जब आप अपनी वॉशिंग मशीन और ड्रायर में फिल्टर साफ करते हैं, तो कितनी बार आप यह सोचकर रुकते हैं कि जो रेशा या फाहा आपने पकड़ा हुआ है, वह वास्तव में आपके कपड़े थे?

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## खबर संक्षेप

### शेफाली शरण सरकार की नई प्रवक्ता नियुक्त



**नई दिल्ली।** आईआईएस की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली बी. शरण को सरकार का नया प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वर्ष 1990 बैच की अधिकारी शरण पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का प्रभार संभालेंगी। पीआईबी के निवर्तमान प्रधान महानिदेशक मनीष देसाई 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ये उनका स्थान लेंगी।

### डिनर कर रहे शख्स को मारी गोली, फिर हत्या



**पुणे।** पुणे में एक दिल दलहा देने वाली वारदात हुई है। होटल में खाना खाने बैठे एक युवक को पहले गोली मारी गई और फिर धारदार हथियार से हमला करते हुए उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। रोंगटे खड़े कर देने वाली यह वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है।कार से 6-7 हमलावर बाहर निकले और युवक को गोली मारी, फिर धारदार हथियार से कई वार कर दिए।

### बदरीनाथ विधायक व अन्य भाजपा में शामिल



**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का दौर खत्म ही नहीं हो रहा है। रविवार को कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे। टिहरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विरष्ठ नेता धन सिंह नेगी और बदरीनाथ विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी ने पार्टी छोड़ दी। 3दिन में आठ बड़े नेताओं के इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप मचा हुआ है।

### सिद्धू मूसेवाला के घर आया नन्हा मेहमान



**अमृतसर।** दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के घर एक बार फिर से खुशी आई है। गायक की मां चरण कौर ने बेटे को जन्म दिया है। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी है। उनके पिता ने रविवार को सोशल मीडिया पर नवजात बच्चे के साथ तस्वीर साझा कर इसकी जानकारी दी है।

---

आंध्रप्रदेश में गरजे पीएम मोदी , अब की बार 400 पार

# कांग्रेस और सहयोगियों ने सत्ता के लिए राज्यों को कर दिया बरबाद



एजेंसी ▶▶| पलनाडु

चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे। मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केंद्र बनाया जाएगा। पीएम ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही इंडि गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है।

### एनडीए की चुनावी रैली में होंगे शामिल

पीएम मोदी दक्षिण भारत के चुनावी दौरे पर है। यहां वे एनडीए की चुनावी रैली में शामिल होंगे। लगभग 10 साल बाद होगा जब पीएम मोदी और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू एक मंच पर दिखेंगे।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के लिए किया प्रचार**



### कांग्रेस ने हमेशा आंध्र प्रदेश के गौरव का अपमान किया

पीएम ने एक भव्य रैली को संबोधित किए। पीएम ने कहा कि आपको विकसित भारत के लिए वोट करना है। इसके साथ पीएम ने राज्य की जगन सरकार और कांग्रेस को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बताया। पीएम ने कहा कि यह आपका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। लोकतंत्र का उत्सव आज से प्रारंभ हुआ है। आप से निवेदन है कि लोकतंत्र की हम स्वागत करें। अपने मोबाइल का फ्लैश चालू करें और उत्सव का स्वागत करें। ये विशाल जनसागर दिल्ली को भी संदेश देगा और आंध्र के घर-घर को संदेश देगा। एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन कांग्रेस यूज एंड थ्रो कर देती है।

**एनडीए की ताकत बढ़ रही**

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### आंध्र को शिक्षा का केंद्र बनाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

मंत्रियों से बोले पीएम

### पहले 100 दिन और अगले 5 वर्षों के लिए तैयार करें रोडमैड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मंत्रियों से नई सरकार के लिए पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से यह भी कहा कि वे अपने संबंधित मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर चर्चा करें कि पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को कैसे बेहतर ढंग से लागू किया जा सकता है।

### आंध्र प्रदेश नशे का गढ़ बन गया है: पवन कल्याण

इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि 2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है। आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

---

कैबिनेट ने ईसी का प्रस्ताव राष्ट्रपति को भेजा

# मुर्मू चुनाव की तारीखों की अधिसूचना करेंगी जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का नोटिफिकेशन जारी कराने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने चुनाव आयोग (ईसी) के सात चरण वाले चुनाव की तारीखों के प्रस्ताव को राष्ट्रपति को भेजा है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू चुनाव की तारीखों की अधिसूचना जारी करेंगी। पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। इसके तहत 19 अप्रैल को 102 सीटों पर चुनाव कराए जाने हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से चुनाव शुरू होंगे। इसके बाद 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, 1 जून को सात चरण में चुनाव होंगे।

### केंद्रीय कैबिनेट ने प्रस्ताव दिया

कैबिनेट बैठक में चुनाव आयोग के प्रस्ताव को राष्ट्रपति को भेजा गया। प्रक्रिया के तहत निर्वाचन आयोग अनिवार्य तौर पर चुनाव की तारीखों से जुड़ा प्रस्ताव केंद्रीय कानून मंत्री को भेजता है। जनप्रतिनिधि कानून के तहत चुनाव आयोग पहले कानून मंत्रालय को प्रस्ताव भेजता है, जो कि इसके बाद एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय कैबिनेट को देता है। केंद्रीय कैबिनेट बैठक के बाद इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति को भेजती है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद चुनाव की अलग-अलग फेजवार तारीखों का नोटिफिकेशन जारी किया जाता है।

### 19 अप्रैल से 1 जून तक मतदान

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल से सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। लोकसभा चुनावों के साथ 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में चुनाव की तारीखों का एलान किया। इसके साथ ही आयोग बताया कि अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव 13 मई को होंगे। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे।

---

मुंबई में इंडिया गठबंधन की रैली में बोले राहुल

# देश में केवल पांच प्रतिशत लोगों को न्याय मिल रहा

**केंद्र सरकार के लिए काम कर रहीं कई संविधानिक संस्थाएं**

एजेंसी ▶▶| ठाणे

मुंबई में इंडिया गठबंधन की रैली से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश में 5 प्रतिशत लोगों को जस्टिस मिलता है। उनके लिए कोर्ट, सरकार और अन्य सभी संस्थाएं काम करती हैं। राहुल ने कहा कि अगर हम बाकी 90 फीसदी लोगों पर नजर डालें तो उनको न्याय नहीं मिल पाता है।



### चंद उद्योगपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर रहे

राहुल ने कहा, जब हमारी सरकार ने किसान कर्ज माफी की बात की तो भाजपा ने कहा कि किसान आलसी हो जाएगा। मनरेगा लाए तो कहा कि मजदूरों की आदत बिगड़ जाएगी। वे चंद उद्योगपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ करते हैं तो क्या उनकी आदत नहीं बिगड़ती आज एक तरफ कुछ लोगों के पास देश का पूरा धन है। लोग परेशान हैं।

### इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए वसूली की

राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है। राहुल ने कहा कि अडाणी को रेलवे, सड़क, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें 'मोडानी' भी कह सकते हैं।इसके अलावा राहुल ने कहा कि पीएम मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है। लेकिन ये क्या हो रहा है?

**भाजपा नफरत फैला रही**

राहुल ने कहा कि अगर भारत मोहब्बत का देश है तो नफरत क्यों फैलाई जा रही है? हम कहते हैं कि भाजपा नफरत फैलाती है लेकिन इस नफरत का एक आधार तो जरूर होगा। तो इस नफरत का आधार है अन्याय है। इस देश में हर दिन गरीबों, किसानों, दलितों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। देश में चंद अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है। लेकिन किसानों का एक रुपया माफ नहीं होता।

---

ईडी पर हमले का मामला

# शाहजहां के भाई समेत 3 को सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सीबीआई ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के भाई शेख आलमगीर और दो अन्य को बशीरहाट की अदालत में पेश किया। सीबीआई ने तीनों को संदेशखाली में ईडी टीम पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने शेख आलमगीर के अलावा माफाजुर मोल्ला और सिराजुल मोल्ला को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों में शाहजहां शेख के भाई के अलावा दो लोग शाहजहां शेख के करीबी हैं और सीबीआई को उम्मीद है कि इनसे पूछताछ से मामले में कई अहम जानकारी हाथ लग सकती है। शाहजहां पश्चिम बंगाल के राशन घोटाले में आरोपी है और ईडी की एक टीम बीती 5 जनवरी को संदेशखाली में स्थित शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी। इस दौरान ईडी की टीम पर शाहजहां शेख के समर्थकों ने हमला कर दिया था। इस हमले में ईडी के कई अधिकारी घायल हुए थे। ईडी ने इस मामले में शाहजहां शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया था।संदेशखाली में लोगों ने शाहजहां शेख समेत कई अन्य टीएमसी नेताओं पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था।



---

महाराष्ट्र में ड्रेस कोड, जारी किया आदेश

# शिक्षकों के पहनावे पर पाबंदियां जीन्स-टीशर्ट पर लगाई गई रोक

एजेंसी ▶▶| मुंबीई



स्कूलों में छात्रों के लिए ड्रेस कोड होता है और ड्रेस कोड को लेकर कई राज्यों में बवाल हो चुका है। इस बीच अब महाराष्ट्र सरकार ने छात्रों के साथ ही टीचर्स के लिए भी ड्रेस कोड घोषित करने का फरमान दिया है। नए नियम में कहा गया है कि टीचर्स जींस टीशर्ट नहीं पहन सकते हैं और उनके लिए स्कूल अपने अनुसार टीचर्स के लिए ड्रेस कोड जारी करना होगा।

शिंदे सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक पुरुष और महिला टीचर्स के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड लागू किया गया है। महिलाओं के ड्रेस कोड में बताया गया है कि वे जींस और टी-शर्ट, गहरे रंग या डिजाइन या प्रिंट वाले कपड़े नहीं पहनकर आएंगी। यह कहा गया है कि महिला शिक्षकों को कुर्ता-दुपट्टा और सलवार या चूड़ीदार पहनना चाहिए। इसके अलावा महिला शिक्षक साड़ी भी पहन सकती हैं।

### इन करके पहननी होगी शर्ट

पुरुष शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा जारी ड्रेस कोड के तहत भी कुछ बदलाव किए गए हैं। सरकार ने कहा है कि शर्ट और पैंट पहनने की सलाह दी गई है जिसमें शर्ट बाहर ना होकर पैंट में इन होनी चाहिए। सरकार द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि ये नियम ना सिर्फ सरकारी स्कूलों के टीचरों पर लागू होंगे बल्कि प्राइवेट स्कूलों को भी इन नियमों का पालन करना होगा। हालांकि इसको लेकर शिक्षकों का कहना है कि क्या पहनना है और क्या नहीं ये उनका व्यक्तिगत मामला है और स्थानीय विशेषाधिकार है। इसे लेकर शिक्षक पहले से ही सचेत हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाने की मांग

# सीएए नियमों के खिलाफ केरल सरकार ने दी अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरल सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से सीएए के नियमों पर रोक लगाने की मांग की है। राज्य सरकार ने अदालत में याचिका दायर कर दलील दी है कि सीएए के नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद की ओर से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद हाल में 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी।



---

# बरसाना की लड्डू होली: भीड़ टूटी मंदिर की रेलिंग



*बरसाना। तीर्थनगरी मथुरा के बरसाना में रविवार को लड्डू होली का आयोजन किया गया। इसका देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। इसी बीच भीड़ अनियंत्रित हो गई। दबाव बढ़ने से मंदिर की रेलिंग टूट गई। एक के ऊपर एक कई श्रद्धालु गिर गए। हादसे में करीब 10 श्रद्धालु घायल हो गए। आनन फानन उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई। बरसाना में लड्डू होली खेलने के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। भीड़ का दबाव बढ़ने से मंदिर परिसर में रेलिंग टूट गई। हादसे में करीब 10 श्रद्धालु घायल हो गए। बताता चलें कि लड्डू होली में प्रसादी स्वरूप लड्डू लुटाए जाते हैं। जिन्हें लूटने के लिए श्रद्धालु टूट पड़ते हैं। इसी दौरान हादसा हो गया।*

---

गुजरात के कच्छ के बन्नी इलाके में स्थित है यह मैदान

# एशिया के सबसे बड़े घास के मैदान में लगी भीषण आग

## कई किलोमीटर दूर से ही दिख रहा धुआं

एजेंसी ▶▶| कच्छ

एशिया के सबसे बड़े घास के मैदान में भयवाह आग लगी हुई है। आग लगने की वजह से धुएं का गुबार काफी ऊपर तक उठ रहा है, जिसे दूर से ही देखा जा सकता है। आग इतनी भयावह है कि लपटें दूर से ही दिख रही हैं। ये भयावह आग कच्छ के बन्नी इलाके में स्थित एशिया के सबसे बड़े घास के मैदान में लगी हुई है। बता दें कि इस इलाके में गर्मी के मौसम में पशु घास चरने के लिए आते रहते हैं। ऐसे में पशुओं के लिए ये आग काफी नुकसानदायक साबित होगी।



**पशुओं के लिए ये काफी नुकसानदेह**

### घास के मैदान को नुकसान

कच्छ के बन्नी इलाके में एशिया का सबसे बड़ा बन्नी घासिया मैदान है। यहां पशुओं के लिए सबसे बेहतरीन घासें होती हैं। बन्नी इलाके में सबसे ज्यादा लोग पशुपालन के व्यवसाय साथ जुड़े हुए हैं। जिस कारण जब मालधारी लोग पशु को चरने भेजते हैं तब ये खाना और चाय बनाते समय आग लगा देते हैं। इस कारण से घासिया मैदान में आग लग जाती है। आग लगने ऐसी कई घटनाएं सामने आती रहती हैं। आग लगने पर इन इलाकों में फायर फाइटर भी नहीं पहुंच पाते। जिस कारण घास को बहुत नुकसान पहुंचता है।

### पशुओं के चारे की किल्लत बढ़ेगी

यहां फायर फाइटरों की भी बहुत कमी है, जिस कारण घासिया मैदान में आग लगने के समय फायर टीम पहुंच नहीं पाती। इस वजह से घासिया मैदान में घासें जलकर बर्बाद हो जाती हैं। फॉरेस्ट विभाग के बन्नी ग्रासलेंड फॉरेस्ट की निगरानी में ये जंगल आता है, लेकिन एशिया का सबसे बड़ा घासिया मैदान होने के बावजूद भी यहां आग बुझाने की व्यवस्था नहीं की गई है। आने वाले गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए घास मिल सके इसके लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। फिलहाल अभी भी इस आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

---

# ओडिशा में पिक अप वैन के पलटने से 2 की मौत और 40 लोग घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले में एक पिकअप वैन के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक सभी लोग वैन में सवार होकर विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। यह दुर्घटना कुंद्रा थाना क्षेत्र में खटलापदर पुल के नजदीक हुई। विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लोग वाहन में सवार होकर बोइपरिगुडा ब्लॉक के दलापुर गांव से बोरीगुम्मा ब्लॉक के ग्राम नुआगांव की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि चालक ने खचाखच भरी पिकअप वैन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसकी वजह से वाहन पलट गया। पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। 2लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 40 अन्य लोगों को जेपोर के जिला अस्पताल ले जाया गया।

## खबर संक्षेप

### ईवी वाहनों के आयात पर 15 फीसदी शुल्क लगेगा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने घोषित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के तहत कुछ शर्तों के अधीन न्यूनतम 35,000 डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात पर 15 प्रतिशत की शुल्क दर को अधिसूचित कर दिया।

### एलआईसी कर्मियों की 17 फीसदी वेतन वृद्धि मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के 1.10 लाख से अधिक कर्मचारियों के वेतन में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। एलआईसी के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी पर यह मंजूरी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों के लिए इसी तरह की बढ़ोतरी को मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद आई है।

### बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में पाम, पामोलीन और सोयाबीन जैसे खाद्य तेलों के दाम बढ़ने और खाद्य तेलों की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित रहने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती रही। पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में पाम, पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल के दाम मजबूत हुए हैं।

### आरबीआई जोखिम प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग ने केंद्रीय बैंकिंग पुरस्कार 2024 के तहत उसे जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना है। रिजर्व बैंक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संगठन में एक नया उद्यम ढांचा तैयार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को सेंट्रल बैंकिंग, लंदन ने केंद्रीय बैंकिंग पुरस्कार 2024 के तहत जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# बैंकों में 5 दिन का सप्ताह अब खींच सकता है लंबा, न दें अफवाहों पर ध्यान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सप्ताह में पांच दिन काम और हर शनिवार की छुट्टी के लिए बैंक कर्मचारियों का इंतजार लंबा खींच सकता है। कुछ ही दिन पहले बैंक एसोसिएशन और बैंक कर्मचारियों के यूनियन के बीच विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनने के बाद इस बात की उम्मीद बढ़ गई थी कि चुनाव से पहले बैंक कर्मचारियों को 5-डे वर्क वीक का तोहफा मिल सकता है। बैंकों में 5 दिनों के सप्ताह को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक अपडेट दिया। वित्त मंत्री सीतारमण 14 मार्च को आईआईटी गुवाहाटी में विकसित भारत एंबैसडर कैम्पस डायलॉग को संबोधित कर रही थी। संबोधन के बाद उनसे बैंक कर्मचारियों के वर्क-लाइफ बैलेंस और बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिन काम के बारे में चल रही बातों के बारे में पूछा गया। उसके जवाब में वित्त मंत्री ने दो टूक कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

■ लाखों बैंक कर्मचारियों के हाथों लगी निराशा

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कर्मचारियों को दिया दो टूक जवाब

### ऐलान के बाद लग जाएगी आचार संहिता

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव के शेड्यूल का ऐलान करते ही देश में आचार संहिता लागू हो गई। अब उसके बाद केंद्र सरकार कर्मचारियों की छुट्टी पर कोई फैसला नहीं ले पाएगी। मतलब साफ है कि बैंक कर्मचारियों को 5 दिनों का वर्क वीक मिलता है या नहीं, यह अब आसन्न चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार में तय होगा।

### पिछले सप्ताह इन मुद्दों पर समझौता

इससे पहले 8 मार्च को बैंकों के संगठन इंडियन बैंक एसोसिएशन यानी आईबीए और विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों के यूनियन के बीच समझौता हुआ था। समझौते में बैंक कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी पर सहमति बन गई। उसके बाद अब विभिन्न सरकारी बैंकों के कर्मचारियों की सैलरी में 17 फीसदी का इजाफा होने वाला है। सैलरी के अलावा महंगाई भत्ता बढ़ने समेत कुछ अन्य फायदों पर भी बात बन गई है।





### लंबे समय से मांग कर रहे हैं कर्मचारी

हालांकि बैंक कर्मचारियों की एक पुरानी मांग को लेकर स्थिति साफ नहीं हुई है। बैंक कर्मचारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिनों का ही काम होना चाहिए और हर सप्ताह दो दिनों की छुट्टी होनी चाहिए। अभी बैंक कर्मचारियों को हर रविवार को तो छुट्टी मिलती है, लेकिन हर शनिवार को बैंक बंद नहीं होते हैं। महीने के पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को बैंक खुले रहते हैं।

### दूसरे-चौथे शनिवार को होती है छुट्टी

बैंक कर्मचारी पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को भी उसी तरह से छुट्टी की मांग कर रहे हैं, जैसे अभी उन्हें हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी मिलती है। बैंक यूनियन और एसोएशिन के समझौते के बाद ऐसी खबरें चल रही थीं कि अब इसकी मंजूरी पर वित्त मंत्रालय की मंजूरी ही बाकी है। वित्त मंत्रालय से चुनाव के ऐलान से पहले इस पर मुहर की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि अब तक ऐसा कुछ हुआ नहीं है और वित्त मंत्री ने फिलहाल ऐसा न होने का साफ संकेत भी दे दिया है।

## वैट की दरों में विभिन्न राज्यों में अंतर की वजह से कीमतों में भिन्नता

# आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा है पेट्रोल, भाजपा शासित मप्र, बिहार भी पीछे नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।*

स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल औरएचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की कटौती की है।

### लोगों को मिली कुछ राहत

इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है।

### आंध्रप्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा

वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है।

■ तीन पेट्रोलियम कंपनियों ने दो रुपए प्रति लीटर मूल्य घटाया

■ दो साल से वाहन ईंधन की कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था

■ कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपए लीटर से अधिक है



### अंडमान में पेट्रोल सबसे सस्ता

अंडमान और निकोबार द्वीप में पेट्रोल सबसे सस्ता है जहां यह 82 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद सिलवासा और दमन है जहां यह 92.38-92.49 रुपये प्रति लीटर है। अन्य छोटे राज्यों में भी पेट्रोल सस्ता है। इनमें दिल्ली (94.76 रुपये प्रति लीटर), पणजी (95.19 रुपये), आइजोल (93.68 रुपये) और गुवाहाटी (96.12 रुपये) शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ में डीजल 92 से 93 रुपए लीटर

डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है।

### तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107 रुपए लीटर

कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं - भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है।

### बंगाल में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए से अधिक

ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है। आंकड़ों के अनुसार, जिन अन्य राज्यों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है उनमें ओडिशा (भुवनेश्वर में 101.04 रुपये प्रति लीटर), तमिलनाडु (चेन्नई में 100.73 रुपये) और छत्तीसगढ़ (रायपुर में 100.37 रुपये) शामिल हैं।

# भारत की मौजूदा आर्थिक तेजी का दौर 2003-07 जैसा : मॉर्गन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

निवेश के दम पर आगे बढ़ रही भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि की रफ्तार 2003-07 जैसी लग रही है। उस समय आर्थिक वृद्धि दर औसतन आठ प्रतिशत से अधिक थी। मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने यह बात कही है।




■ आर्थिक वृद्धि दर औसतन आठ फीसदी से अधिक थी

मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट 'द व्यूपॉइंटः इंडिया - व्हाई दिस फील लाइक 2003-07' में कहा कि एक दशक तक जीडीपी के मुकाबले निवेश में लगातार गिरावट के बाद अब भारत में पूंजीगत व्यय वृद्धि के प्रमुख चालक के रूप में उभरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'हमें लगता है कि पूंजीगत व्यय चक्र के लिए पर्याप्त गुंजाइश है और इसलिए वर्तमान तेजी 2003-07 के समान है।' मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वर्तमान तेजी खपत की तुलना में निवेश बढ़ने के चलते है। शुरुआत में इसे सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से समर्थन मिला, लेकिन निजी पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि हो रही है। इसी तरह खपत को पहले शहरी उपभोक्ताओं ने सहारा दिया और बाद में ग्रामीण मांग भी बढ़ी। वैश्विक निर्यात में बाजार हिस्सेदारी बढ़ने और व्यापक आर्थिक स्थिरता से भी अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है।

### जीडीपी के मुकाबले निवेश 34 फीसदी पहुंचा

यह गिरावट 2011 से 2021 तक देखने को मिली, हालांकि उसके बाद स्थिति बदलने लगी और अब जीडीपी के मुकाबले निवेश 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2026-27 तक इसके 36 प्रतिशत होने का अनुमान है।

## पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस को रहा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया।


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।


**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

### अदाणी समूह 2024-25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले



तंत्र-मंत्र के सम्राट
मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

# फ्लिपकार्ट को बड़ा झटका, 41 हजार करोड़ रुपए कम हुई मार्केट वैल्यू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिग्गज ई कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी की मार्केट वैल्यू पिछले 2 साल में लगभग 41 हजार करोड़ रुपए (5 अरब डॉलर) घट गई है। यह आंकड़ा जनवरी, 2022 से जनवरी, 2024 के बीच का है। फ्लिपकार्ट की पैरेंट कंमार्ट द्वारा किए गए इक्विटी ट्रांजेक्शंस से यह जानकारी मिली है। यह गिरावट फ्लिपकार्ट द्वारा अपनी फिनटेक फर्म फोनपे को अलग कंपनी बनाने के चलते आई है। वालमार्ट द्वारा इक्विटी स्ट्रक्चर में किए गए बदलाव से मिली जानकारी के अनुसार, फ्लिपकार्ट का वैल्युएशन 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया। यह कमी फोनपे को फ्लिपकार्ट से हटाने के चलते आई है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया है कि फिलहाल फ्लिपकार्ट की मार्केट वैल्यू लगभग 40 अरब डॉलर है। वालमार्ट ने वित्त वर्ष 2022 में 8 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 3.2 अरब डॉलर में बेची थी। अमेरिकी रिटेल दिग्गज वालमार्ट ने वित्त वर्ष 2023-24 में फ्लिपकार्ट में 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी बढ़ाकर 85 फीसदी कर ली थी। उधर, फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट की रिपोर्ट के आधार पर लगाए गए मूल्यांकन को खारिज किया है। फ्लिपकार्ट प्रवक्ता ने कहा कि मार्केट वैल्यू को इस तरह से देखना गलत है। फोनपे को हमने साल 2023 में अलग किया था। इसके चलते मार्केट वैल्यू में एडजस्टमेंट हुआ है।




### कंपनी के वैल्युएशन में नहीं आई कोई कमी

सूत्रों के मुताबिक, पिछली बार कंपनी का मूल्यांकन साल 2021 में किया गया था। उस समय ई-कॉमर्स कंपनी के कुल मूल्य में फिनटेक फर्म फोनपे का मूल्यांकन भी शामिल था। कंपनी के वैल्युएशन में कोई कमी नहीं आई है। फोनपे की मार्केट वैल्यू जनरल अटलांटिक, टाइगर ग्लोबल, रिबिट कैपिटल और टीवीएस कैपिटल फंड द्वारा फिलहाल 12 अरब डॉलर लगाई गई है।

### पिछले वित्त वर्ष 4,846 करोड़ का नुकसान हुआ

फ्लिपकार्ट को वित्त वर्ष 2023 में 4,846 करोड़ रुपए का शुद्ध नुकसान हुआ था। साथ ही ई कॉमर्स कंपनी की कुल आय 56,012.8 करोड़ रुपए रही थी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का कुल खर्च 60,858 करोड़ रुपए रहा था।


## भारत में उत्पादन में निवेश पर तेजी लाएगी डेकाथलॉन

एजेंसी ▸▸| लिली (फ्रांस)

फ्रांस की खेल क्षेत्र की खुदरा कंपनी डेकाथलॉन अपने 'सबसे महत्वपूर्ण' वैश्विक बाजारों में से एक भारत में उत्पादन और खुदरा पहुंच को और बढ़ाने के लिए निवेश में तेजी ला रही है। कंपनी की वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बारबरा मार्टिन कोपोला ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि डेकाथलॉन को भारतीय बाजार से अपनी 'उच्च वृद्धि दर' जारी रहने की उम्मीद है। भारत उसके लिए एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। कोपोला ने कहा कि कंपनी भारत से अपने उत्पादन का 65 प्रतिशत वैश्विक बाजारों को निर्यात करती है। उन्होंने कहा कि डेकाथलॉन के लिए भारत वर्तमान में शीर्ष 10 वैश्विक बाजारों में से है, जो दूसरों की तुलना में 'दोगुनी दर' से बढ़ रहा है।

SWEARING CEREMONY
Russia 2024 election 10000000% win
Mr. Veladimirputin and Mr. Modi sir will win 1000000000% and Mr Modiji can start Swearing ceremony preparation the predictioner 1000000% promise that if it will not come TRUE
(Based on the election result prediction)
I will stop my prediction
He is not practicing astrology since 2023
Predicted by
S ALEXANDER
Astrologer
Namakkal, Tamilnadu.
Mob : 8248126514

## शब्द पहेली - 5456



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5455 का हल



## सूडोकु नवताल - 5467

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# 'रेड किंग' कोहली लौटे भारत, प्रसारक गद्गद्

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी आईपीएल के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने को तैयार हैं। कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया गया ताकि यह स्टार बल्लेबाज ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रह सके। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।



**स्टार स्पोर्ट्स ने जताई खुशी**

आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया, 'विराट कोहली लौट आए हैं। 'रेड किंग' भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना आईपीएल अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। इस आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें।'



## चोट से उबरने लगाए इंजेक्शन टखने से निकाला गया खून

**मुंबई।** हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं।'

**केकेआर से जुड़े अय्यर**



*कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह 29 वर्षीय बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन के कारण पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा।*

**खबर संक्षेप**



### डी पोल बने भारत के गोलकीपिंग कोच

**नई दिल्ली।** भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों में मदद के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय गोलकीपरोंखाना चाहिए के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे।

### पाक टीम में असुरक्षा का माहौल : शाह

**कराची।** तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा के माहौल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ी



थके होने के बावजूद 'ब्रेक' नहीं लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनकी जगह कोई जूनियर खिलाड़ी ले लेगा। शाह कंधे की चोट के कारण पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा कि चोट के कारण टीम से बाहर होने पर उन्हें भी अपनी जगह गंवाने का डर था। नसीम ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच स्पष्टता और बेहतर संवाद स्थापित करने की जरूरत है।

### ट्रैविस हेड को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने उम्मीद जताई है कि आगामी आईपीएल में वह



सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हेड सनराइजर्स की टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह 30 वर्षीय बल्लेबाज 6 साल बाद आईपीएल में खेलेगा। सनराइजर्स हैदराबाद के रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो में हेड ने कहा, 'मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। वापसी करके अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि मेरे लिए यह सत्र अच्छा होगा।'

### एफए कप के अंतिम-4 में पहुंची मैनचेस्टर सिटी

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की।

## क्रिकेट : रोहित-द्रविड़ को ठहराया हार का जिम्मेदार!

# 'वर्ल्ड कप फाइनल में पिच से हुई थी छेड़छाड़', कैफ का बड़ा दावा!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2023 को लेकर कुछ सनसनीखेज दावे किए हैं। कैफ ने दावा किया है कि विश्व कप फाइनल की पिच को घरेलू टीम के अनुकूल बनाने के लिए उस से क्यूरेटर द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। कैफ ने कहा कि हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित पिच का मुआयना करने लगातार तीन दिन गए। कैफ ने कहा उन्होंने पिच का रंग बदलते देखा। कैफ ने एक तरह से राहुल द्रविड़ और रोहित पर भी हार का ठीकरा फोड़ा।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को 6 विकेट से पराजित किया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम जहां छठी बार चैंपियन बनी, वहीं भारत का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए उस फाइनल में भारतीय बल्लेबाज स्लो पिच पर जूझते दिखे थे। उस वर्ल्ड कप फाइनल में मिली दिल तोड़ने वाली हार को भारतीय फैन्स अब भी नहीं भूले हैं।



**पिच को लेकर आईसीसी का नियम**

*आईसीसी इवेंट्स में पिच की तैयारियों की देखरेख आमतौर पर आईसीसी के सलाहकार एंडी द्वारा की जाती है, जो मेजबान क्रिकेट बोर्ड साथ मिलकर यह निर्धारित करते हैं कि प्रत्येक खेल के लिए स्क्वायर पर कौन सी स्ट्रिप्स का उपयोग किया जाएगा। आईसीसी के नियम में कहा गया है कि यह कोई जरूरी नहीं है कि नॉकआउट मैच फ्रेश पिच पर खेले जाएं। वैसे आईसीसी ये अपेक्षा जरूर रखती है कि जिन मैदानों को नॉकआउट मैचों की मेजबानी सौंपी गई हो, वे उस मैच के लिए सर्वोत्तम पिच और आउटफील्ड प्रदान करेंगे।*

**भारत का प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 2014 | टी20 वर्ल्ड कप फाइनल | हार |
| 2015 | वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल | हार |
| 2016 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल | हार |
| 2021 | टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज | बाहर |
| 2022 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल | हार |
| 2023 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल | हार |
| 2023 | क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल | हार |

**पिच का रंग बदलते देखा**

*मोहम्मद कैफ ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं वहां तीन दिन था। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ दोनों शाम को आए। पिच पर गए, घूमे, देखा कैसी पिच है। यह लगातार 3 दिन हुआ है। मैंने पिच का रंग बदलते हुए देखा है, कमिंस हैं, स्टार्क हैं, इनके पास तेज गेंदबाजी है तो इनको स्लो पिच ना दो और वहां गलती हुई।'*

**धीमी पिच देकर की गलती**

*कैफ कहते हैं, ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया के पास पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क हैं, इसलिए भारत धीमी पिच देना चाहता था और यह हमारी गलती थी। कई लोग कहते हैं कि क्यूरेटर अपना काम करते हैं और हम प्रभावित नहीं करते हैं- यह बकवास है। जब आप पिच के चारों ओर घूम रहे हैं तो आपको केवल दो लाइन कहनी होती है, 'कृपया पानी न डालें, बस घास कम करें। ऐसा होता है। यह सच है और यह किया जाना चाहिए। आप घर पर खेल रहे हैं।*

**कमिंस ने परखा पिच**

*कैफ ने कहा कि पैट कमिंस ने लीग मैच में भारत के खिलाफ हार से सबक सीखा था। कैफ कहते हैं, 'कमिंस ने चेन्नई के मैच से सीखा कि धीमे मैच में शुरुआत में बल्लेबाजी करना कठिन होता है। फाइनल में कोई भी पहले फील्डिंग नहीं करता, लेकिन कमिंस ने किया।*

## दिल्ली को हराकर डब्ल्यूपीएल 2024 चैम्पियन बनी आरसीबी



भाषा ▸▸ नई दिल्ली

स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को तीन गेंद रहते आठ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरुआत करने के बावजूद आरसीबी के स्पिनरों के सामने घुटने टेककर इस साल भी खिताब से चूक गयी। पिछले साल टूर्नामेंट के पहले चरण में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में मुंबई इंडियंस से हार मिली थी। वहीं आरसीबी महिला टीम का यह पहला फाइनल था और उसने धीमी शुरुआत के बाद दबाव से निपटते हुए आखिर में जीत हासिल की। आरसीबी की गेंदबाजी के सामने दिल्ली कैपिटल्स बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से 18.3 ओवर में महज 113 रन पर सिमट गयी। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने धीमी शुरुआत की और कछुआ चाल से चलते हुए 19.3 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर खिताब जीत लिया। उसकी बल्लेबाजी टीम के पहले फाइनल में मैदान पर काफी दबाव में थीं लेकिन अंत में इससे निपटने में सफल रहीं। ऋचा घोष (नाबाद 17 रन, 14 गेंद, दो चौके) ने टीम के लिए विजयी चौका जड़ा। मंधाना ने 39 गेंद में 31 रन की धीमी पारी खेली और सोफी डिवाइन ने 27 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 32 रन का योगदान दिया। एलिसे पैरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं।

आरसीबी के लिए यह महिला (डब्ल्यूपीएल) और पुरुष फ्रेंचाइजी क्रिकेट (इंडियन प्रीमियर लीग) में पहला खिताब है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (44 रन) और कप्तान मेग लैनिंग (23 रन) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाये 64 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की।

**द टेन प्रतियोगिता**

## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया।

**नौवें स्थान पर रहे कार्तिक, साबले हटे**

*इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रहीं। वह भी पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन समय 30 मिनट, 40.00 सेकंड को हासिल करने में नाकाम रही।*

### केन चोटिल, ब्राजील के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**डार्मस्टेड।** इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन शनिवार को बायर्न म्युनिख की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए जिसके कारण उनका ब्राजील और बेल्जियम के खिलाफ मैत्री मैचों में खेलना संदिग्ध है। बुंदेसलीगा के इस मैच में केन का टखना मुड़ गया था। उन्होंने पहले मैदान पर ही चिकित्सा सहायता ली लेकिन इसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने अपनी टीम की डार्मस्टेड पर 5-2 से जीत के बाद कहा, 'गोल पोस्ट के करीब उनका टखना मुड़ गया था। हमारे पास अभी पूरी जानकारी नहीं है। उम्मीद है कि यह मामूली चोट होगी।'

## रियल कश्मीर और दिल्ली के बीच मैच ड्रॉ...



**श्रीनगर।** रियल कश्मीर एफसी को रविवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर आई लीग के महत्वपूर्ण मैच में दिल्ली एफसी से 1–1 से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। रियल कश्मीर एफसी का यह लगातार तीसरा ड्रा रहा। दोनों गोल दूसरे हाफ में हुए। दिल्ली एफसी के लिए गुरतेज सिंह ने 52वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई लेकिन 82वें मिनट में आत्मघाती गोल से टीम इस बढ़त को गंवा बैठी। इस ड्रा से रियल कश्मीर की टीम 20 मैच में 36 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। कोलकाता की मोहम्मडन स्पोर्टिंग 19 मैच में 44 अंक लेकर शीर्ष पर चल रही है।

### वॉटसन, सैमी ने ठुकराया पाकिस्तान का कोच पद

**कराची।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है जिससे पीसीबी की विदेशी कोच की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। सैमी ने पीसीबी को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। वॉटसन इस बात से खफा हो गए कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद शनिवार रात को स्वदेश लौट गए। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी।

## 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाने की कुंबले ने दी बधाई

# अश्विन चुनौतियों का सामना कर हुए सफल

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि पिछले एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आयी लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कहा, 'अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है।'



**शानदार करियर**

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा, 'मैं अश्विन को 100 टेस्ट खेलने और 500 टेस्ट विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं। हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं।'

**यह एक महान विरासत**

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, 'मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। मेरा मानना है कि अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।'


**शानदार उपलब्धि : श्रीकांत**

के श्रीकांत ने कहा, 'अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट चटकाए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो यहां बतौर मुख्य अतिथि (एन श्रीनिवासन) बैठे हुए हैं। यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। शाबास अश्विन। बधाई हो।'

## सीएए पर अमेरिका ने उठाया सवाल तो जयशंकर ने दिया जवाब, याद दिलाया इतिहास

# कई उदाहरण हैं... जब कई देशों ने नागरिकता देने की प्रक्रिया को त्वरित किया

### मैं उनके लोकतंत्र की खामियों या उनके सिद्धांतों पर सवाल नहीं उठाता



- इस कानून को विभाजन के संदर्भ में देखना महत्वपूर्ण है
- सीएए पर अमेरिका द्वारा चिंता जताने से उपजा विवाद
- उच्चाधिकार प्राप्त समिति का किया गठन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) को लेकर हो रही आलोचना के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कहा कि इस कानून को विभाजन के संदर्भ में देखना महत्वपूर्ण है। इसके साथ उन्होंने रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं, जब कई देशों ने नागरिकता देने की प्रक्रिया को त्वरित किया। दरअसल, अमेरिका ने भारत में सीएए लागू होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह इसे लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर से जब इस बारे में पूछा गया तो यह जवाब दिया।

*"अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) को लेकर हो रही आलोचना के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कहा कि इस कानून को विभाजन के संदर्भ में देखना महत्वपूर्ण है। इसके साथ उन्होंने रेखांकित किया कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जब कई देशों ने नागरिकता देने की प्रक्रिया को त्वरित किया।"*

### 'इतिहास के बारे में समझ पर सवाल'

जयशंकर ने सीएए को लेकर सवाल पर कहा कि देखिए, मैं उनके लोकतंत्र की खामियों या अन्य चीजों या उनके सिद्धांतों या इसके अभाव पर सवाल नहीं उठा रहा। मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। जब आप दुनिया के कई हिस्सों की टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है कि मानो भारत का विभाजन कभी हुआ ही नहीं और इसके परिणामस्वरूप ऐसी कोई समस्या थी ही नहीं, जिसका समाधान सीएए को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसलिए अगर आप किसी समस्या की बात करते हैं और उससे जुड़े सभी ऐतिहासिक संदर्भ हटा देते हैंङ्घ तो मेरे भी सिद्धांत हैं और उनमें से एक सिद्धांत उन लोगों के प्रति दायित्व है जो विभाजन के दौरान निराश हुए और मुझे लगता है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने इस पर बहुत स्पष्ट रूप से बात कह चुके हैं।

#### 'दुनिया में भरे पड़े हैं कई उदाहरण'

*जयशंकर ने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि क्या अन्य देश, अन्य लोकतंत्र जातीयता, आस्था, सामाजिक विशेषताओं के आधार पर नागरिकता के मामलों में तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो मैं आपको इसके कई उदाहरण दे सकता हूं। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है और मेरे लिए संदर्भ बहुत महत्वपूर्ण है।*

### अमेरिका ने हमारे साथ कुछ जानकारी साझा की

#### कुछ जानकारी सार्वजनिक उपलब्ध

वहीं अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने के आरोप का सामना कर रहे भारतीय नागरिक के मामले पर एस जयशंकर ने बताया कि भारत इससे कैसे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि हां, अमेरिका ने हमारे साथ कुछ जानकारी साझा की है। इसमें से कुछ जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और कुछ नहीं है। हमारी रुचि भी इस पर गौर करने में है, क्योंकि हमें इसमें एक बहुत मजबूत संगठित अपराध का पहलू नजर आता है जो हमारी अपनी सुरक्षा पर भी असर डालता है। जयशंकर ने कहा कि इसलिए जब हमें इस जानकारी से अवगत कराया गया, तो हमने इस पर गौर करने के लिए सक्षम लोगों की एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने का फैसला किया।

## हॉस्टल में विदेशी छात्रों पर हमले के मामले में सात लोगों की पहचान

# गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल कैंपस में नमाज पढ़ने पर बवाल

*दो गुटों में झड़प.. दो विदेशी छात्र घायल*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद/नई दिल्ली

गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल कैंपस में शनिवार की रात नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों से हुई कथित मारपीट पर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा है कि राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल कैंपस में शनिवार की रात विदेशी छात्रों से हुई मारपीट को विदेश मंत्रालय ने भी संज्ञान में लिया है। रविवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा है कि अहमदाबाद स्थित गुजरात यूनिवर्सिटी में हिंसा की घटना हुई है।

राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। बयान में आगे कहा गया है कि शनिवार को हुई झड़प में दो विदेशी छात्र घायल हुए थे। उनमें से एक छात्र को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामले को लेकर विदेश मंत्रालय गुजरात सरकार के संपर्क में है।

*"-रविवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा है कि अहमदाबाद स्थित गुजरात यूनिवर्सिटी में हिंसा की घटना हुई है। राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।"*

#### खास बातें

- अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया
- विदेशी छात्र अभी जिस हॉस्टल में रह रहे हैं उन्हें नए हॉस्टल में शिफ्ट किया जाएगा
- -राज्य के गृह मंत्री के आदेश पर घटना की जांच के लिए 9 टीमें बनाई गईं

#### एमईए ने कहा -दोषी पर सख्त 'एक्शन'



#### गृह राज्य मंत्री ने दिए कड़ी कार्रवाई के आदेश

*गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने इस घटना को लेकर सुबह मीटिंग भी बुलाई थी। उन्होंने डीजी और सीपी को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, सीरिया और अफ्रीकी देश के विद्यार्थी रहकर पढ़ाई करते हैं। हॉस्टल में रहने वाले विदेशी छात्रों का कहना है कि हम यहां पढ़ाई करने आते हैं। अगर यही हालत है तो सरकार वीजा न दे। पीड़ित छात्रों ने कहा कि हॉस्टल के कमरों में घुसकर उनकी पिटाई की गई। लैपटॉप, एसी, अलमारी, टेबल, दरवाजे, म्यूजिक सिस्टम में तोड़फोड़ की गई है। विदेशी छात्रों ने कहा कि हम यहां तमाम त्योहारों में हिस्सा लेते हैं, सब हमारे भाई ही है लेकिन ये उम्मीद नहीं थी।*

#### स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज एंड डायस्पोरा के को-ऑर्डिनेटर को हटाया

विदेशी छात्रों का हॉस्टल परिसर स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज एंड डायस्पोरा के कार्यक्षेत्र में आता है। स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज एंड डायस्पोरा के को-ऑर्डिनेटर को हटा दिया गया है। इसके अलावा विदेशी छात्र अभी जिस हॉस्टल में रह रहे हैं उन्हें नए हॉस्टल में शिफ्ट किया जाएगा। फिलहाल, हॉस्टल कैंपस में प्रवेश करने वालों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा गया है। साथ ही सुरक्षा कर्मचारी होने के बावजूद हमले की घटना सामने आने पर सुरक्षा एजेंसी के खिलाफ भी यूनिवर्सिटी द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

#### पुलिस कमिश्नर का दावा...

कैंपस में झगड़ा शुरू होने के बाद रात 10 बजकर 51 मिनट पर पुलिस को फोन किया गया और 10 बजकर 56 मिनट पर पुलिस की टीम पहुंची। राज्य के गृह मंत्री के आदेश पर घटना की जांच के लिए 9 टीमें बनाई गई हैं। 4 क्राइम ब्रांच और 5 डीसीपी की टीम तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस घटना को लेकर कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें एक युवक को थप्पड़ भी मारा गया है।

#### घायल छात्रों में से एक तजाकिस्तान और दूसरा श्रीलंका का

- अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक के मुताबिक ये पूरा विवाद कैंपस में नमाज पढ़ने को लेकर शुरू हुआ था। कुछ लोगों ने विदेशी छात्रों के नमाज पढ़ने का विरोध किया था जिसके बाद दो गुटों में संघर्ष की स्थिति बन गई। दो घायल छात्रों में से एक तजाकिस्तान और दूसरा श्रीलंका का है। रिपोर्ट के मुताबिक हॉस्टल में विदेशी छात्रों पर हमले के मामले में सात लोगों की पहचान कर ली गई है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## रूस में चुनाव के दौरान ईवीएस पर 30 हजार साइबर अटैक

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस में पहली बार इस्तेमाल हो रहे रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर बड़े पैमाने पर साइबर अटैक किया गया है। रूसी केंद्रीय चुनाव आयोग ने कहा कि रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के निगरानी पोर्टल को लक्ष्य बनाकर 30 हजार हमले किए गए।

रूस में राष्ट्रपति के चुनाव के लिए 15 मार्च को शुरू हुआ मतदान 17 मार्च को समाप्त हो गया है। चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव और एक निर्दलीय उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव में 11 करोड़ मतदाता अपने मत का इस्तेमाल किया। चुनाव आयोग के अनुसार 28 मार्च से पहले चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।




#### एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई

# सर्च ऑपरेशन: पुणे में आतंकियों से जुड़ी 4 अचल संपत्तियां की कुर्क

एजेंसी ▶▶ पुणे



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) देश में वैश्विक आतंकी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार काम कर रही है।

इस संबंध में अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते हुए एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में चार अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आरोपी व्यक्तियों से जुड़ी हुई हैं और इसका उपयोग आईईडी बनाने, इसकी ट्रेनिंग देने और आतंकवादी घटनाओं की योजना बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा था। एनआईए ने पहले ही मामले में सभी 11 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

#### इन आरोपियों से जुड़ी हैं संपत्तियां

यह संपत्ति आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन से जुड़ी हुई हैं। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर हमले करने, आईईडी निर्माण ट्रेनिंग समेत अन्य स्थानों से जुड़ा है। फायरिंग प्रैक्टिस और ठिकानों के लिए जंगलों की रेकी के अलावा आर्म्ड रॉबरी करके आतंकी फंड जुटाने के लिए आईएसआईएस की साजिश से संबंधित है।

#### आईएसआईएस मॉड्यूल पर कार्रवाई

दरअसल, प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठनों के आतंकी नेटवर्क को नष्ट करने और भारत के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयासों के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हाल के कुछ महीनों में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई की है। आईएसआईएस की साजिश और गतिविधियों को लेकर उसकी जांच लगातार जारी है। इसी कड़ी में कई संदिग्ध लोगों को एनआईए ने गिरफ्तार भी किया है। इनके नेटवर्क के अन्य साथियों की तलाश भी जांच एजेंसी लगातार कर रही है।

## नाइजर ने कहा- देश में अमेरिकी सैनिकों के रहने का अब कोई औचित्य ही नहीं

**नियामी (नाइजर)।** नाइजर के सैन्य शासक (जुंटा) ने अमेरिका के पेंटागन हाउस को बड़ी चेतावनी दी है। नाइजर के सैन्य शासकों ने अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ अब विद्रोह छेड़ दिया है। इस कड़ी में नाइजर के सैन्य शासकों ने कहा कि देश में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी का अब कोई औचत्य नहीं है। नाइजर ने अमेरिकी सैनिकों को देश से निष्कासित करने का आंदोलन छेड़ने के साथ उनकी उड़ानों को भी अवैध बताया है। इस हफ्ते अमेरिकी राजनयिकों एवं सैन्य अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के बाद सरकारी टीवी पर यह घोषणा की गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109